E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
05 नवम्बर, 2026
गुरुवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 113 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

एमआई रोड पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाइटिंग का किया स्विच ऑन

जयपुर में पहली बार 7 दिन तक होगी रौनक; पिंकसिटी थीम पर सजा पांच बत्ती चौराहा

थिंक राजस्थान • जयपुर







जयपुर में दीपावली पर बाजारों की सजावट और खरीदारी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार शाम एमआई रोड पर दीपावली लाइटिंग का बटन दबाकर स्विच ऑन किया। पांच बत्ती चौराहे को पिंकसिटी थीम पर सजाया गया है। वहीं, पूरे एमआई रोड पर कलरफुल लाइटिंग के साथ सजावटी छतरियां और फूलों से सजावट की गई है। एमआई रोड पर इस बार 11 दिन तक लाइटिंग रहेगी। वहीं, धनतेरस पर बाजारों में पूरी रात दुकानें खुलेंगी। बाजारों में देर रात तक खरीदारी करने वालों की सुविधा के लिए जयपुर मेट्रो ने भी 3 से 11 नवंबर तक फेरों की संख्या बढ़ाने के साथ आखिरी ट्रेन का समय रात 12:30 बजे तक कर दिया है। एमआई रोड की सजावट में करीब 750 एलईडी बल्ब, 500 रंग-बिरंगी लाइटें, 100 डिजाइनर छतरियां और 250 फ्लावर डेकोरेशन लगाए गए हैं। इस बार पहली बार लाइट्स, शार्पी लाइट्स और लेजर लाइट्स का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। पांच बत्ती चौराहे को पिंकसिटी थीम पर तैयार किया गया है।

एमआई रोड अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया- एमआई रोड की सजावट का श्रीगणेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है। इस बार सजावट 1 नवंबर से शुरू की गई है, जो 11 नवंबर तक रहेगी। पहले बाजार में 7 दिन तक लाइटिंग होती थी, लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 11 दिन किया गया है। आमतौर पर रात 11 से 11:30 बजे तक लाइटें बंद कर दी जाती थीं, लेकिन इस बार रात 12 बजे तक लाइटिंग रहेगी। उन्होंने बताया- धनतेरस पर एमआई रोड की दुकानें पूरी रात खुली रहेंगी। इसके लिए जयपुर कमिश्नर से अनुमति मिल गई है। लाइटिंग देखने के लिए देशभर से टूरिस्ट जयपुर आते हैं। इससे बाजार में ग्राहकों के साथ टूरिस्ट की संख्या भी बढ़ती है।

सैनी ने बताया कि पहले जयपुर में 30 से 35 किलोमीटर के एरिया में सजावट की जाती थी। इस बार इसे बढ़ाकर 50 से 55 किलोमीटर तक किया गया है। शहर के अलग-अलग बाजारों और इलाकों को अलग-अलग थीम पर सजाया जा रहा है। कहीं रामसेतु तो कहीं राम मंदिर की थीम पर सजावट होगी। इसके साथ ही पूरे जयपुर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा।


रात 12:30 बजे तक चलेगी आखिरी मेट्रो

दीपावली पर परकोटे सहित प्रमुख बाजारों में खरीदारी और रोशनी देखने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जयपुर मेट्रो ने भी फेरों की संख्या बढ़ाई है। 3 से 11 नवंबर तक मेट्रो के प्रतिदिन फेरों की संख्या 202 से बढ़ाकर 214 कर दी गई है। इस दौरान मानसरोवर और बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन रात 12:30 बजे तक चलेगी। यह व्यवस्था 9 दिन के लिए लागू की गई है। एमआई रोड पर बुधवार शाम पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बटन दबाकर लाइटिंग का स्विच ऑन किया। इस दौरान विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, विधायक रफीक खान, विधायक कालीचरण सराफ, विधायक अमीन कागजी, नगर निगम मेयर सुनील कोठारी, नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा सहित विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बीफ न्यूज

बढ़ी महंगाई, अमूल घी 50 रुपए महंगा

नई दिल्ली। दीवाली से पहले अमूल ने ग्राहकों को महंगाई का झटका दिया है। कंपनी ने घी और मक्खन की कीमतों में बढ़ोतरी की है। अब अमूल के एक किलो घी



का कार्टन 50 रुपए महंगा हो गया है, जबकि 500 ग्राम मक्खन के पैक की कीमत 15 रुपए बढ़ाई गई है। गुजरात और राजस्थान में ब्रांडेड घी की बढ़ती मांग को कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह माना जा रहा है। डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ने और गुजरात के कुछ क्षेत्रों में घी की कम उपलब्धता के बीच यह फैसला लिया गया है।

शरद पवार फिर भर्ती पीएम ने हालचाल जाना

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ गई है। पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से छुट्टी मिलने के कुछ ही समय बाद



उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि 85 वर्षीय पवार को आगे की जांच के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर उनका हालचाल भी जाना।

जयपुर: 133 पंचायतों में सरपंच के 856 उम्मीदवार: चुनाव आज

जयपुर। पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में जयपुर की 133 ग्राम पंचायत के वार्ड पंच और सरपंच के लिए गुरुवार को वोटिंग होगी। 856 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। सरपंच पद के लिए कुल 1,190 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। 334 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए। अब 856 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।

» अंदर विशेष

▪ हाईकोर्ट बोला- बेहतर चिकित्सा सुविधा लोगों का मौलिक अधिकार
...पढ़े पेज 3 पर

▪ बीकानेर में पहली बार होगी मैराथन: एक साथ 21 किमी तक दौड़ेंगे युवा
...पढ़े पेज 4 पर

अब सभी अग्निवीर परमानेंट सैनिक बन सकेंगे, सर्विस भी चार से बढ़ाकर 6 साल

दिसंबर तक 18,300 अग्निवीरों का कार्यकाल पूरा होना था

नई दिल्ली। अग्निवीर अब 4 नहीं, 6 साल तक नौकरी कर सकेंगे। इसके बाद वे सेना में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। पास हुए, तो परमानेंट कमीशन भी मिलेगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को यह ऐलान किया। इससे तीनों सेनाओं में तैनात करीब 3.18 लाख अग्निवीरों को फायदा होगा।

दो साल की अतिरिक्त नौकरी में अग्निवीरों को बढ़ी हुई सैलरी-भत्ते मिलेंगे। इससे पहले हर बैच के 25% को मेरिट के आधार पर नियमित सैनिक बनाने और बाकी 75% को चार साल की सर्विस के बाद फोर्स छोड़ने का प्रावधान था। आंकड़ों के मुताबिक 31 दिसंबर तक पहले बैच के करीब 18,300 अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। ये पहले बैच में भर्ती हुए 24,400 अग्निवीरों का करीब 75% हैं।



पहले तय योजना के मुताबिक नवंबर के मध्य से 75% अग्निवीरों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से बाहर किया जाना था। नई व्यवस्था के तहत अब इन्हें दो साल का अतिरिक्त समय मिलेगा। यह सेवा विस्तार अग्निवीरों की सहमति से होगा।

पहले बैच के 712 अग्निवीरों को परमानेंट किया

पिछले महीने एयरफोर्स ने अपने पहले अग्निवीर बैच के 2,850 रिक्रूट्स में से 712 को नियमित सेवा में बनाए रखने का फैसला किया था। अब चार साल की सेवा पूरी करने के बाद बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार देने का फैसला किया गया है। इसके बाद उन्हें नियमित सैनिक बनने का एक और मौका मिलेगा। चयन मेरिट के आधार पर होगा। जून 2022 में अग्निपथ योजना शुरू की गई थी। इसके तहत युवाओं को 4 साल के लिए सेना में भर्ती किया जाता था। चार साल बाद अधिकतम 25% अग्निवीरों को नियमित कैडर में शामिल करने का प्रावधान था। बाकी 75% को सेवा से मुक्त होना था।

नई व्यवस्था के मुताबिक, चार साल पूरे करने वाले शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा अवसर दिया जाएगा। यह स्पष्ट नहीं है कि सभी अग्निवीरों के लिए यह विस्तार अनिवार्य होगा या इसके लिए अलग शर्तें लागू होंगी। मेरिट के आधार पर।

डोनाल्ड ट्रम्प दोनों सदनों में मिडटर्म इलेक्शन हारे, डेमोक्रेट्स को बहुमत

अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- रिजल्ट पर ईरान जंग का असर, ऐसे फैसले लेते रहेंगे

वॉशिंगटन डीसी। ईरान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले, नॉर्वे को गाली देने वाले और अपने लिए नोबल पीस प्राइज मांगने वाले ट्रम्प अमेरिकी मिडटर्म चुनाव हार गए। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत गंवा दिया। विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स को अमेरिका की जनता खासकर महिलाओं ने भर-भर के वोट दिए। हार के बाद ट्रम्प ने माना है कि ईरान युद्ध का असर मिडटर्म इलेक्शन पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि युद्ध की वजह से पेट्रोल-डीजल के दाम काफी बढ़ गए, जिससे आम जनता में नाराजगी थी। हालांकि, अपने फैसले का बचाव करते हुए ट्रम्प ने कहा कि ईरान के खिलाफ कदम उठाना देश के लिए बेहद जरूरी था और यह आगे भी जारी रहेगा। ट्रम्प की हार के साथ मिशिगन से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल सैयद की चर्चा भी दुनिया भर में हो रही है। ट्रम्प ने अब्दुल को खुले मंच से 'जिहादी' कहा था। अब वे अमेरिकी इतिहास में सीनेटर चुने जाने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। 25 अक्टूबर को मिशिगन में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रम्प ने कहा था, मैं यहां एक जिहादी और मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्य को अमेरिकी सीनेटर बनने से रोकने आया हूं।



अमेरिकी सीनेट के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद जीत के बाद पत्नी सारा गुकाकू को गले लगाते हुए।

- **हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स:** हाउस में कुल 435 सीटें हैं और सभी सीटों पर चुनाव हुए हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 228 सीटें जबकि ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 139 सीटें जीती हैं।
- **सीनेट:** सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 33 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 20 और रिपब्लिकन पार्टी ने 13 सीटें जीती हैं। बाकी 2 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं।
- **गवर्नर:** कुल 36 सीटों में से 34 राज्यों के नतीजे आ चुके हैं। 22 डेमोक्रेट्स और 12 रिपब्लिकन ने सीटें जीती हैं। 2 राज्यों में वोटों की गिनती जारी है।

EPFO अधिकारी एक लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

आईटी कंपनी मालिक से FIR नहीं कराने पर 2 लाख रुपए मांगे थे

थिंक राजस्थान • जयपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को जयपुर में



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के प्रवर्तन अधिकारी (EO) सोनू मौर्य को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आईटी कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं करवाने के मामले में FIR दर्ज नहीं कराने और बैंक खाते फ्रीज नहीं करने की एवज में दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी चौकी जयपुर नगर चतुर्थ की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी के एएसपी मनोज गुप्ता ने बताया- ACB को आईटी कंपनी के मालिक ने तीन दिन पहले सूचना दी थी कि कर्मचारियों का पीएफ काटने के एवज में EO सोनू मौर्य ने रिश्वत की डिमांड की है। एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करवाने पर आरोपी के एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

'राष्ट्रभक्त' जेन जी तैयार करेगा RSS, सोशल मीडिया पर नजर

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 से 4 नवंबर तक RSS के नेता जुटे। सोशल मीडिया, जेन जी, विदेशी फंडिंग, पंजाब चुनाव, यूजीसी बिल और रूठे स्वयंसेवकों को मनाने पर बात की। बैठक में BJP के संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राज्यों के संगठन मंत्री भी शामिल थे, यानी ये सारे मैसेज BJP के लिए भी थे।

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन सोशल मीडिया की ताकत का सबसे बड़ा उदाहरण है। BJP और सरकार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर लेगी, ये किसी ने नहीं सोचा था। आंदोलन का तरीका पारंपरिक आंदोलनों और विरोध से अलग था। सोशल मीडिया के इस प्रयोग से कैसे निपटें, सोशल मीडिया की अराजकता पर लगाम कैसे लगाई जाए, यही बैठक का सबसे बड़ा मुद्दा रहा। मैसेज दिया गया कि कार्यकर्ता सोशल मीडिया के भ्रमजाल में न फंसें, लेकिन सोशल मीडिया से कटना भी नहीं है।

सोशल मीडिया पर बनाए जा रहे हर नैरेटिव को गंभीरता से लें। उसकी चर्चा अधिकारियों से करें। अगर लगे कि नैरेटिव हमारी विचारधारा के खिलाफ है, तो उसे जमीन पर काउंटर करें। कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को जेन जी प्रोटेस्ट कहा गया। RSS का प्लान ऐसे जेन जी युवाओं की फौज



तैयार करने का है, जो गंभीर मुद्दों पर बिना अराजक हुए आंदोलन करे। अपने मुद्दे उठाए, सरकार का विरोध भी करे, लेकिन सबके मूल में देश को आगे बढ़ाने की भावना हो। उसकी लगाम किसी और के हाथ में न हो। बैठक के दौरान सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्पष्ट किया कि जेन जी को सामने रखकर विदेशी और राष्ट्रविरोधी ताकतें देश के खिलाफ काम कर रही हैं। इसलिए हमें राष्ट्रभक्त जेन जी तैयार करने हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं को उनके बीच जाना होगा। उनकी जरूरतें और उनकी भाषा को समझना होगा। विदेशी फंडिंग और विदेश से बनाए जा रहे नैरेटिव पर मंथन तीसरा बड़ा मुद्दा है। देश की इंटेलिजेंस एजेंसियां देश में हो रहे आंदोलन में विदेशी फंडिंग के लिंक खंगाल रही हैं। यूपी में BJP का वोटर नाराज है। इसकी बड़ी वजह उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव खत्म करने के लिए लाए गए यूजीसी के प्रस्तावित नियम हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन पर रोक लगा दी है। कई राज्यों में बिल का विरोध हो रहा था। यूपी पहला राज्य होगा, जहां विरोध से नुकसान की आशंका BJP और संघ दोनों को सता रही है। प्रदेश में फरवरी-मार्च में चुनाव हैं। संघ प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पुराने स्वयंसेवकों से संपर्क करें। उनसे दिशा-निर्देश लें। अगर उनकी कुछ सलाह या चिंता है, तो समाधान करें। रूठे या टूट चुके कार्यकर्ताओं को मनाएं।

सूत्र ने बताया कि रामजन्मभूमि के मुद्दे समेत RSS के खिलाफ कई बयान आए। RSS से नाता तोड़ चुके कार्यकर्ताओं को संगठन के खिलाफ बोलने के लिए लगातार इस्तेमाल किया गया। इस वजह से अब पुराने कार्यकर्ताओं को मनाने का अभियान शुरू किया जाएगा।

जयपुर की पिया डांडिया अमेरिका में बनीं सांसद, एप्पल कंपनी और व्हाइट हाउस में कर चुकीं काम

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर मूल की पिया डांडिया ने अमेरिका के मिड टर्म इलेक्शन में यूएस कांग्रेस (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) का चुनाव जीत लिया है। पिया ने फ्लोरिडा से डेमाक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार से सांसद बनी हैं। पिया डांडिया को 51.89% वोट मिले। वहीं हारने वाली रि पब्लिक पार्टी के प्रत्याशी केसी असकर को 48.11% वोट मिले। पिया यह चुनाव जीतकर अमेरिका की राजनीति में चर्चाओं का केंद्र बन गई हैं।

वे चुनाव जीतने के बाद फ्लोरिडा से 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करेंगी। फ्लोरिडा से चुनाव जीतने वाली पिया भारतीय मूल की पहली महिला बन गई हैं। व्हाइट हाउस फेलो के रूप में पिया काम कर चुकी हैं। वहीं एप्पल कंपनी में भी कुछ समय काम किया। पिया के पिता डॉ. रोहित डांडिया पेशे से डॉक्टर हैं। रोहित डांडिया ने जयपुर के SMS मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था।

1980 में जयपुर से अमेरिका जाकर बसे पिता

पिया डांडिया का परिवार जयपुर मूल का है। उनके कई रिश्तेदार और परिवार के लोग जयपुर में रहते हैं। उनके माता-पिता साल 1980 में जयपुर से अमेरिका जाकर बस



गए थे। पिया का जन्म अमेरिका में ही हुआ। पिता रोहित डांडिया की गिनती प्रतिष्ठित डॉक्टरों में होती है।

मां के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ीं पिया

पिया की मां शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं। उनकी मां ने जुपिटर शहर में मोंटेसरी स्कूल की शुरुआत की। पिया की शुरुआती शिक्षा मां के स्कूल से हुई। वे खुद भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़ीं। पिया अमेरिका में पली-पढ़ीं, लेकिन उनका जयपुर से जुड़ाव रहा है। माता-पिता उन्हें छुट्टियों में जयपुर रिश्तेदारों से मिलने भेजते थे। कॉलेज टाइम तक वे जयपुर में अपने रिश्तेदारों से मिलने आती रही हैं।

28 साल की उम्र में अपने स्कूल की फाउंडर प्रिंसिपल बनीं

पिया डांडिया ने हार्लेम में कम इनकम वाले परिवारों के बच्चों के लिए हाई स्कूल शुरू किया। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार- पिया 28 साल की उम्र में अपने स्कूल की फाउंडर प्रिंसिपल बन गई थीं। वे व्हाइट हाउस फेलो के रूप में काम कर चुकी हैं। एप्पल कंपनी में भी कुछ समय काम किया। स्कूल चलाते हुए ही वे डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़ीं। उनके स्कूल से पासआउट स्टूडेंट्स को अच्छे कॉलेजों में एडमिशन मिलता रहा है।

प्रदेश में पटाखे चलाने को लेकर गाइडलाइन जारी

5 जिलों में तीन घंटे ही चला सकेंगे; केवल दो दिन की छूट

थिंक राजस्थान • जयपुर

दिवाली पर प्रदूषण को रोकने के लिए राजस्थान सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) के 5 जिलों में केवल 2 दिन ही पटाखे चलाने की छूट होगी। छूट भी केवल तीन घंटे के लिए ही मिलेगी। इन जिलों में केवल सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति होगी। इनके अलावा दूसरे पटाखों पर पूरी तरह रोक रहेगी।

ग्रीन पटाखों के हर पैकेट पर QR कोड होना जरूरी है। इसे स्कैन करने पर पटाखे के निर्माता, सर्टिफिकेशन और लाइसेंस से जुड़ी जानकारी मिलेगी। बिना QR कोड वाले पटाखों की बिक्री नहीं हो सकेगी। पटाखे केवल तय दुकानों से ही बेच सकेंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पटाखे बेचने पर भी रोक रहेगी। जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को अवैध पटाखों की बिक्री, स्टॉक और सप्लाई रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए विशेष टीमें बनाई जाएगी, जो दुकानों और गोदामों की जांच करेंगी। दिल्ली-एनसीआर में आने वाले वाहनों की भी चेकिंग होगी। नियम तोड़ने पर पटाखे जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और संबंधित जिला कार्यालय दिवाली के दौरान और इसके बाद रोजाना प्रदूषण के स्तर की जांच करेंगे।

बाड़मेर में लेपर्ड की सूचना से गांव में मचा हड़कंप: वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, रेंजर कर रहे निगरानी

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर में लेपर्ड की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पहाड़ी इलाके का जायजा लिया। फिलहाल एक अजनबी जानवर खनन किए हुए पत्थरों के बीच छिपा हुआ है। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही है। हालांकि, अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह लेपर्ड है या कोई दूसरा वन्यजीव। पत्थरों से बाहर आने के बाद ही उसकी पहचान हो सकेगी।

दरअसल, बाड़मेर जिला मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर लंगेरा गांव में दोपहर के समय पहाड़ी इलाके में ग्रामीणों ने एक अजनबी जानवर देखा। इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी



गई। इसके बाद वन विभाग को भी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि जानवर पहाड़ी पर खनन के बाद पड़े पत्थरों के बीच जाकर छिप गया। इसके बाद से गांव के लोगों में डर का माहौल है। वन विभाग की टीम ने शुरुआती जांच में लेपर्ड होने की पुष्टि नहीं की है।

रेंजर विकास चौधरी ने बताया - लंगेरा गांव के पहाड़ी इलाके में अजनबी जानवर होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और सबसे पहले जानवर देखने वाले व्यक्ति से पूछताछ की। अभी यह कंफर्म नहीं हो पाया है कि वह कौनसा वन्यजीव है। पत्थरों को हटाने से जानवर को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इसलिए टीम इंतजार कर रही है कि वह खुद बाहर आए। इसके बाद ही उसकी पहचान हो सकेगी।

मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक घायल



थिंक राजस्थान • रानी

फालना से रानी की ओर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से खिमेल निवासी रमेश कुमार घायल हो गए। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे हुई। घायल को एम्बुलेंस से रानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेन्द्र चौधरी, किशोर कुमार सहित चिकित्सा टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उन्हें पाली रेफर किया गया। मालगाड़ी चालक ने समय रहते ट्रेन धीमी कर रोक दी। इससे युवक की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलने पर महेंद्र कुमार मेघवाल समेत गांव के लोग रानी अस्पताल पहुंचे।

खेत पर सो रहे बुजुर्ग की हत्या, युवक का सिर फोड़ा

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बालोतरा जिले के धोरीमन्ना में खेत में सो रहे दो लोगों पर युवक ने मंगलवार देर रात लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में 61 साल के बुजुर्ग हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल है। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लोगों ने हमलावर को पीछा कर पकड़ लिया। हमलावर बोला- मुझे पता नहीं मैंने हमला क्यों किया। मामला धोरीमन्ना थाने का मंगलवार रात 12 बजे का है।

गुड़ामालानी डीएसपी सुमेर सिंह ने बताया- कन्हैया नगर कोजा गांव निवासी रामनिवास के खेत में बने कुएं पर उनके भाई पदमाराम (40) पुत्र पुरखाराम और हरिराम (61) पुत्र भारमल राम निवासी कुम्हारों की बेरी चारपाई पर सो रहे थे। रात करीब 12 बजे के बीच खींचड़ निवासी किशनाराम वहां पहुंचा और दोनों पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में हरिराम के सिर पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पदमाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। हमले के दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण जाग गए। उन्होंने हमलावर का पीछा कर उसे पकड़ लिया और रस्सी से उसके हाथ-पैर बांध दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को धोरीमन्ना अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया, जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई। घटना के दो वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो में ग्रामीण युवक को पकड़कर उसके हाथ-पैर बांधते नजर आ रहे हैं।

ब्रीफ न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

थिंक राजस्थान • देशनोक

देशनोक में महेश दान जी की ढाणी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बीकानेर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गुमान दान चारण, मनोहर दान, श्रेणी दान, घनश्याम दान और रविंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस बुलाई। इसके बाद एंबुलेंस से दोनों घायलों को बीकानेर ले जाया गया।



नोखा के NSS शिविर में नशा मुक्ति का दिया संदेश



थिंक राजस्थान • नोखा

नोखा के मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की प्रथम और द्वितीय इकाई की ओर से संयुक्त रूप से एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने पांच अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया। शिविर प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेमाराम और डॉ. जेठाराम पारीक ने नेतृत्व किया। शिविर की शुरुआत राष्ट्रगान और लक्ष्य गीत से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों और संकाय सदस्यों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने की शपथ ली। स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर, खेल मैदान और प्रशासनिक भवन के आसपास सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर उसका सुरक्षित निस्तारण किया। इसके साथ ही परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ELC) के तहत विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, मतदाता पंजीकरण और निष्पक्ष मतदान की जानकारी दी गई। युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

सीकर में पिकअप से कुचलकर पत्नी की हत्या: मर्डर के बाद थाने पहुंचा पति

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर में गाय बेचने के विवाद में पति ने पिकअप से कुचलकर पत्नी की हत्या कर दी। मर्डर के बाद आरोपी पति थाने गया और कहा कि मैंने मेरी पत्नी को मार दिया है। इसके बाद पुलिस उसके साथ घटनास्थल पर गई। आरोपी पर 15 लाख का कर्जा था। मामला जीणमाता थाना इलाके का बुधवार दोपहर 3 से 4 बजे का है। SHO जीणमाता राकेश कुमार मीणा ने बताया- कोछोर गांव के सिकवाली ढाणी में चुन्नीलाल कुमावत (56) ने पत्नी चूंकी देवी (52) की हत्या कर दी।

चुन्नीलाल ने गाय को बेचने के लिए बात की थी। पत्नी चूंकी ने गाय बेचने से मना कर दिया। ऐसे में गुस्से में आकर आरोपी ने घर से करीब 100 मीटर दूर पत्नी पर पिकअप गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाया और सबूत इकट्ठा किए। आरोपी खुद पिकअप चलाता था। उसी गाड़ी से पत्नी को मारा। घटना के समय घर में केवल महिला ही मौजूद थी। बड़ा बेटा पत्नी के साथ यूपी में काम करता है। वहीं छोटा बेटा काम के सिलसिले में खाटू गया था। दोनों बेटे टाइल्स लगाते हैं।

पैसों को लेकर घर में होता था झगड़ा

आरोपी चुन्नीलाल के दो बेटे हैं। छोटे बेटे की शादी 1 साल पहले की थी। आरोपी अपने बेटों से कर्ज चुकाने के लिए पैसे मांगता था, लेकिन बेटों की कमाई कम थी। पैसों को लेकर पति और पत्नी के बीच भी कई बार झगड़ा होता था।



जानलेवा हमले के 6 आरोपियों को दस-दस साल की सजा

लक्ष्मणगढ़ एडीजे कोर्ट का फैसला: प्लॉट पर 3 साल पहले कब्जे मामले में की थी वारदात

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ कोर्ट ने प्लॉट पर कब्जे के मामले में हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में 6 आरोपियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के बादूसर गांव में 11-12 जुलाई 2023 की दरमियानी रात प्लॉट पर कब्जे की नीयत से एक परिवार पर जानलेवा हमला करने, घर में तोड़फोड़ करने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ (सीकर) श्वेता शर्मा ने मामले में सुनवाई करते हुए सभी 6 आरोपियों को दोषी ठहराया है। आरोपियों को जेल और जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार- परिवादी रामलाल सिंह अपने परिवार (पत्नी किस्तूरी देवी और बेटे कमलेश) के साथ अपने पुराने कब्जेशुदा प्लॉट में सो रहे थे। रात करीब 12:30 बजे शराब ठेके के पास से आए आरोपी अनुज कुमार, पवन कुमार, सुरजीत सिंह, दयाल सिंह उर्फ दिलावर, विक्रम और पंकज ने कैंपर गाड़ी से प्लॉट का गेट और दीवार तोड़ दी। इसके बाद लोहे के पाइप और लाठियों से हमला कर रामलाल, कमलेश और किस्तूरी देवी को गंभीर घायल कर दिया था।



घटना के दौरान आरोपियों ने कमरे में तोड़फोड़ कर नुकसान भी पहुंचाया था। कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और पुलिस इन्वेस्टिगेशन के आधार पर आरोपियों को 10-10 साल के सश्रम कारावास और 15-15 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में बचाव पक्ष ने सजा में नरमी बरतने की अपील की थी। आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि होने के कारण कोर्ट ने आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया। वहीं सभी सजाओं को साथ चलाने का आदेश दिया है।

चूरू; जुए पर पुलिस का शिकंजा, सात गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू के भार्गव चौक पर जुआ खेलते सात लोगों को राजलदेसर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 31 हजार 210 रुपए नकद, आठ मोबाइल फोन, दो बाइक और जुआ सामग्री जब्त की। कार्रवाई दीपावली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हुई। राजलदेसर थानाधिकारी बेगाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान कस्बे के भार्गव चौक पर जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों में वार्ड दो के लालचंद, गिरधारी, विनोद, महेंद्र और धर्मपाल शामिल हैं। वार्ड छह के मनोज और वार्ड सात के सुनील को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच रतनगढ़ थानाधिकारी संदीप कुमार को सौंपी गई है। पुलिस टीम में थानाधिकारी बेगाराम के साथ कांस्टेबल दौलतराम, विद्याधर, रविंद्र, सुनील और पवन शामिल थे।

बांगड़ हॉस्पिटल: डॉक्टर-संविदाकर्मी के खिलाफ एसीबी में मुकदमा दर्ज

दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने के बदले मांगे थे 50 हजार

थिंक राजस्थान • पाली

एंटी करप्शन ब्यूरो(ACB) ने बांगड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर रविन्द्र चारण और संविदाकर्मी सुनील परिहार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। दोनों पर चतुर्थ श्रेणी भर्ती में दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।


ACB पाली द्वितीय के एएसपी देरावरसिंह सोढ़ा ने बताया- शिकायतकर्ता ग्रेजुएट है और उसका चयन चतुर्थ श्रेणी भर्ती 2024 में चयन दिव्यांगता कोटे के तहत हुआ था। नियमानुसार मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वह 10 अप्रैल 2026 को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचा। पूर्व के दिव्यांगता दस्तावेज डॉक्टर रविन्द्र चारण को दिखाए और मेडिकल चेकअप करवाया। उसके बाद जाने लगा तो हॉस्पिटल परिसर में ही उन्हें संविदाकर्मी सुनील परिहार (कोबरा) मिला। उसने कहा कि डॉक्टर उसका 20 प्रतिशत तक ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना रहे है। 40 प्रतिशत से ज्यादा का बनवाना है, तो 50 हजार रुपए लगेंगे। पैसे देने पर वह काम करवा देगा। इसके बाद अपने मोबाइल नंबर दे दिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी में की। शिकायत में बताया कि वह 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग है। फिर भी उससे 50 हजार रुपए रिश्वत दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने के बदले मांगी जा रही है। 11 अप्रैल 2026 को शिकायत का सत्यापन करवाया गया। इसमें परिवादी और संविदाकर्मी सुनील परिहार के बीच हुई बातचीत रिकॉर्डिंग हो गई। 14 अप्रैल को रिश्वत की राशि के साथ परिवादी को बांगड़ हॉस्पिटल भेजा गया और एसीबी टीम को भी अलर्ट किया गया। लेकिन संविदाकर्मी सुनील परिहार (कोबरा) को एसीबी टीम के बांगड़ हॉस्पिटल में होने का शक हो गया। ऐसे में उसने परिवादी से रिश्वत की राशि नहीं ली और उसे जाने को बोल दिया। ऐसे में ट्रेप की कार्रवाई नहीं हो सकी थी। एसीबी टीम ने गोपनीयता बनाए रखते हुए पीड़ित को वॉयस रिकॉर्डर चलाने की प्रक्रिया समझाई।

अवैध पेट्रोल-डीजल बेचने वालों पर रेड: 146 लीटर पेट्रोल और 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर शहर में अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल की बिक्री और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल की शिकायतों पर बुधवार को रसद विभाग की टीम ने कई स्थानों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई में कुल 146 लीटर पेट्रोल और 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी पूजा अग्रवाल ने बताया- टीम ने इंदिरा कॉलोनी में दो स्थानों पर कार्रवाई की। गली नंबर 3 में बालाजी क्लिनिक के सामने स्थित रॉयल शॉप से 31 लीटर पेट्रोल और 12 प्लास्टिक बोतलें जब्त की गईं। वहीं, गली नंबर 6 स्थित रामदेव मंदिर रोड से 115 लीटर पेट्रोल, 3 प्लास्टिक कैन और 3 प्लास्टिक कप बरामद किए गए।

घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टीम ने सतपाल हलवाई (गली नंबर 7, इंदिरा कॉलोनी), बालाजी स्वीट्स (एसएसबी रोड), बराड़ फूड्स (सेक्टर-17 मार्केट) और हुजूर स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट (गली नंबर 10, इंदिरा कॉलोनी) से एक-एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया। जब्त सामग्री के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6-ए के तहत प्रकरण तैयार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके अलावा टीम ने विभिन्न गैस एजेंसियों के आपूर्ति वाहनों का औचक निरीक्षण किया और मौके पर गैस सिलेंडरों का माप-तौल भी करवाया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक धर्मपाल (पदमपुर), अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह चौहान सहित रसद विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



AIIMS में IVF तकनीक से बच्चे का जन्म: सर्जिकल स्पर्म रिट्रीवल और IVF से दंपतियों को इलाज की उम्मीद

थिंक राजस्थान • जोधपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) जोधपुर में पहली बार इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) एवं सर्जिकल स्पर्म रिट्रीवल तकनीक की सहायता से बच्चे का जन्म हुआ है। ऑब्सट्रक्टिव एज़ोस्पर्मिया के कारण कई दंपति पेरेंट्स नहीं बन पा रहे थे। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एचओडी डॉ. प्रतिभा सिंह के मार्गदर्शन में एसोसिएट प्रोफेसर एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. मनु गोयल, यूरोलॉजी विभाग के डॉ. दीपक भिरुड, भ्रूणविज्ञानी डॉ. गिरीश की टीम ने इस तकनीक में शामिल थे। ऑब्सट्रक्टिव एज़ोस्पर्मिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें पुरुष के अंडकोष में शुक्राणु बनते हैं, लेकिन प्रजनन



मार्ग में अवरोध के कारण वे स्पर्म में नहीं पहुंच पाते। कुछ मामलों में यह स्थिति जन्मजात होती है। ऐसी स्थिति में सर्जरी के माध्यम से प्रजनन मार्ग से शुक्राणु प्राप्त किए जा सकते हैं। सर्जिकल स्पर्म रिट्रीवल के बाद आईवीएफ-आईसीएसआई तकनीक ऑब्सट्रक्टिव एज़ोस्पर्मिया से पीड़ित कुछ पुरुषों के लिए इलाज का विकल्प है। जिससे दंपति अपने शुक्राणु एवं अंडाणु की सहायता से संतान प्राप्ति कर सकते हैं।

मां और बच्चा दोनों स्वस्थ

डॉ. मनु गोयल ने बताया कि इस मामले में सर्जरी के माध्यम से प्राप्त शुक्राणुओं का उपयोग इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) एवं इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (आईसीएसआई) तकनीक में किया गया। इस तकनीक में एक शुक्राणु को सीधे अंडाणु में प्रविष्ट कराया जाता है। इसके बाद विकसित भ्रूण को गर्भाशय में स्थानांतरित किया गया, जिससे सफल गर्भावस्था के बाद बच्चे का जन्म हुआ। माता और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया- बांझपन की समस्या पुरुष या महिला, किसी एक अथवा दोनों में हो सकती है। इसलिए उचित इलाज के लिए दोनों की समय पर और सभी जांच आवश्यक है। रिप्रोडेक्टिव मेडिसिन में हुई प्रगति से बांझपन से जूझ रहे कई दंपतियों को इलाज के नए विकल्प उपलब्ध हुए हैं। एम्स जोधपुर के सहायक प्रजनन तकनीक (असिस्टेड रिप्रोडेक्टिव टेक्नोलॉजी- ART) केंद्र में पिछले दो साल से सर्जिकल स्पर्म रिट्रीवल एवं संबंधित प्रजनन इलाज की सुविधा उपलब्ध हैं।

मूंग व मूंगफली खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर मूंग एवं मूंगफली की खरीद के लिए पंजीकरण प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। झुंझुनूं जिले में खरीद केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सहकारी समिति संयुक्त रजिस्ट्रार विभा खेतान ने बताया कि जिले में कुल 6 क्रय-विक्रय सहकारी समितियों, 2 उपखंड एवं 12 जीएसएस खरीद केंद्रों पर मूंग और मूंगफली की खरीद के लिए केंद्र स्थापित किए गए हैं। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही किसानों से उनकी उपज खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। संयुक्त रजिस्ट्रार विभा खेतान ने बताया कि पंजीकरण केवल उसी किसान के नाम से दर्ज करवाएं।

फर्जी वोटिंग रोकने के विवाद में घायल व्यक्ति की हुई मौत

थिंक राजस्थान • नवलगढ़

कैरू में पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के चुनाव के दौरान फर्जी वोटिंग रोकने को लेकर विवाद हुआ। मारपीट में घायल शीशपाल मिठारवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आरएलपी कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, आरएलपी के चुनाव प्रभारी नेमीचंद मिठारवाल निवासी मिलो का बास ने निर्दलीय प्रत्याशी गीता देवी के पति राजेश कुमार समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार, 3 नवंबर को कैरू बूथ पर पोलिंग एजेंट ने कुछ लोगों के फर्जी वोट डालने की सूचना दी थी। नेमीचंद ने उन्हें नियम के मुताबिक मतदान करने को कहा। आरोप है कि इसी दौरान राजेश कुमार अपने साथियों को बुलाकर नेमीचंद से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आईं नेमीचंद की पत्नी संतरा देवी और भाई शीशपाल के साथ भी मारपीट की गई। राजेश कुमार ने संतरा देवी की अंगुली दांत से काट ली। शीशपाल की छाती पर लात मारने से वे बेहोश हो गए।

शीशपाल को सीकर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने राजेश कुमार और महेंद्र को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच जारी है। नवलगढ़ के सीआई अजयसिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

राजस्थानी कारोबारियों को मिलेगा अमेरिकी बाजार में व्यापार के अवसर: इंडिया-यूएसए बिजनेस-इन्वेस्टमेंट डायलॉग समिट में शामिल हुए न्यूयॉर्क सिटी के पूर्व डिप्टी कमिश्नर



थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के कारोबारियों को अब अमेरिकी बाजार में अपने प्रोडक्ट बेचने और बिजनेस बढ़ाने के नए मौके मिल सकेंगे। इसे लेकर दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के राजस्थान चैप्टर की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इंडिया-यूएसए बिजनेस एवं इन्वेस्टमेंट डायलॉग 2026 आयोजित किया गया। इसमें भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश और बिजनेस पार्टनरशिप की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी सामुदायिक नेता और न्यूयॉर्क सिटी के पूर्व डिप्टी कमिश्नर (ट्रेड, इन्वेस्टमेंट एंड इनोवेशन) दिलीप चौहान मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने राजस्थान के कारोबारियों को न्यूयॉर्क के बाजार में एंट्री, बिजनेस नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के कारोबारी अपने प्रोडक्ट को अमेरिकी बाजार तक कैसे पहुंचा सकते हैं और वहां अपना कारोबार कैसे बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में डिक्की के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ग्लोबल अलायंस कन्वीनर संजीव डांगी, राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष देवकीनंदन गोधा, उपाध्यक्ष निमेश बाबा और पूर्व अध्यक्ष अंकित बाबरवाल मौजूद रहे। इसके अलावा डिम्पी तंवर, अनिल गोठवाल, चिमनलाल वर्मा, चंद्रम भूकीम, जयवीर सिंह और सचिन कपूर सहित बड़ी संख्या में कारोबारी शामिल हुए। डिक्की पदाधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम से राजस्थान और अमेरिका के बीच व्यापारिक संपर्क बढ़ेंगे और यहां के कारोबारियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नए मौके मिलेंगे।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर जंक्शन पर दो दिन पार्सल बुकिंग बंद रहेगी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर जंक्शन पर दीपावली के दौरान पैसेंजर्स की बढ़ती भीड़ को देखते हुए 5 और 6 नवंबर को स्टेशन से बाहर भेजे जाने वाले पार्सल की बुकिंग बंद रहेगी। रेलवे ने यह फैसला स्टेशन पर भीड़ कंट्रोल करने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लिया है। रेलवे नियमों के अनुसार पसेंजर्स अपने साथ 40 किलो तक का सामान बिना अतिरिक्त बुकिंग के ले जा सकते हैं। इससे अधिक सामान ले जाने के लिए पार्सल या लगेज कार्यालय में बुकिंग करानी होगी। बुक करवाए गए सामान को निर्धारित वजन सीमा के अनुसार यात्री अपने साथ कोच में ले जा सकेंगे। निर्धारित सीमा से ज्यादा सामान बिना बुकिंग ट्रेन में ले जाने पर रेलवे अतिरिक्त शुल्क के साथ जुर्माना भी वसूला जा सकता है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने साथ प्रतिबंधित सामान लेकर यात्रा न करें। साथ ही सामान इस तरह रखें कि ट्रेन और स्टेशन पर दूसरे यात्रियों को आने-जाने में परेशानी न हो।

फुड सेफ्टी विभाग: 2,690 किलो सूजी का स्टॉक सीज किया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में फूड सेफ्टी टीम ने बुधवार को अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए करीब 3 हजार किलोग्राम बेसन, सूजी और मैदा के स्टॉक को सीज किया है। टीम ने इसके सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा टीम ने सहकार मार्ग स्थित दूध मिष्ठान भंडार (DMB) और गोपालपुरा बाइपास स्थित रिद्धी-सिद्धी स्वीट्स पर भी छापा मारकर वहां से मिठाई के सैंपल लिए। फुड सेफ्टी विभाग ने सरना डूंगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स महेश्वरी फूड प्रोडक्ट्स के यहां छापा मारने पहुंची, लेकिन मौके पर यूनिट बंद मिली। फोन किया तो पता चला कि फर्म ने करीब 6 महीने पहले कारोबार दूसरी जगह शिफ्ट कर लिया। इसके बाद टीम वीकेआई स्थित फर्म की दूसरी यूनिट पर पहुंची, जहां साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी कई कमियां मिली। टीम ने मौके से करीब 2,960 किलो सूजी, मैदा और बेसन के स्टॉक को सीज उनके नमूने लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए। इसके अलावा टीम ने मैसर्स लक्ष्मी बेकर्स की फैक्ट्री पर कार्रवाई की जहां से नानखटाई बिस्किट और सुमन गोल्ड ब्रांड वनस्पति घी के सैंपल लिए। रिद्धि सिद्धि स्वीट्स से करीब 25 किलो रॉ मैटेरियल जो नमकीन, मिठाई बनाने में उपयोग होने वाला था उसे नष्ट करवाया।

दीपावली पर SMS हॉस्पिटल में 24 घंटे ड्यूटी देंगे डॉक्टर

थिंक राजस्थान • जयपुर

दीपावली पर सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में 24 घंटे डॉक्टर रहेंगे। 6 से 11 नवंबर तक इन डॉक्टर्स की स्पेशल ड्यूटी लगी है। पटाखों या अन्य कारणों से आंख, चेहरे या शरीर के अन्य हिस्से में जलने या खराब होने की घटनाओं को डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई है। इसके लिए SMS के अधीक्षक ने आदेश जारी किए है। इसमें इमरजेंसी मेडिसिन में आंख, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जन, न्यूरोसर्जन और एनिस्थिसिया के डॉक्टर रहेंगे। हर डिपार्टमेंट से हर समय एक-एक असिस्टेंट प्रोफेसर और एक-एक सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी बर्न या दूसरे एक्सीडेंट केस के आने तुरंत ट्रीटमेंट किया जा सके।

फिल्मी अंदाज में ज्वेलर से 10 लाख के गहने ठगे: बाप-बेटे बन होटल में ठहरे, ज्वेलरी दिखाने के बहाने पीछे वाले गेट से फरार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में बाप-बेटा बनकर आए दो ठगों ने फिल्मी अंदाज में एक ज्वैलर की करीब 10 लाख रुपए की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। दोनों आरोपी बाप-बेटे बनकर लग्जरी होटल में ठहरे थे। यहां पर इन्होंने ज्वेलर को फोन कर 10 लाख रुपए की ज्वेलरी खरीदने का झांसा दिया। MI रोड स्थित विनायक ज्वेलर्स के मालिक ने अपने कर्मचारी को सोने की चेन, अंगूठियां और अन्य गहने देकर दिखाने के लिए होटल भेज दिया। यहां आरोपियों ने कर्मचारी को चाय पिलाई और बातचीत में उलझाकर ज्वेलरी से भरा बैग लेकर होटल के पिछले गेट से फरार हो गए। इससे पहले आरोपियों ने होटल में ही रहकर इंस्टाग्राम पर आभूषण पसंद किए थे। सुबह की फ्लाइट से जाने का बहाना बनाकर व्यापारी को होटल में ही ज्वेलरी लेकर आने का बोला। आरोपी 10 लाख के आभूषण लेकर फरार हो गए। आरोपी होटल में अपना सामान और कपड़े तक छोड़ गए, जबकि कमरे का किराया भी नहीं चुकाया। घटना सोडाला थाना इलाके के होटल हरिमहल पैलेस की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सोडाला एसीपी जेठू सिंह ने बताया कि दो लोग होटल हरिमहल पैलेस में ठहरे हुए थे। इनमें से एक ने अतुल शर्मा के नाम की आईडी से होटल में कमरा बुक करवाया था। इसके बाद उन्होंने एमआई रोड स्थित विनायक ज्वेलर के मालिक को फोन कर करीब 10 लाख रुपए की ज्वेलरी खरीदने की बात कही। ज्वैलर ने उनकी बातों पर भरोसा कर अपने कर्मचारी महेश शर्मा को सोने की चेन, अंगूठियां और अन्य गहने देकर होटल भेज दिया। बदमाशों ने आभूषण की कीमत के बदल पांच लाख रुपए कैश और पांच लाख रुपए ऑनलाइन देने का भरोसा दिलाया था।



चाय पिलाकर कर्मचारी को कमरे में उलझाया

होटल पहुंचने पर दोनों आरोपियों ने ज्वेलर के कर्मचारी को अपने कमरे में बुला लिया। इसके बाद उसे चाय पिलाई और बातचीत में उलझाए रखा। इसी दौरान एक आरोपी ने कर्मचारी से कहा कि वह ज्वैलरी अपने परिजनों को दिखाकर आता है। वह गहनों से भरा बैग लेकर कमरे से बाहर निकल गया। करीब पांच मिनट तक जब वह वापस नहीं आया तो दूसरा आरोपी भी उसे बुलाने के बहाने कमरे से बाहर चला गया। जाते समय उसने कर्मचारी से आराम से चाय पीने के लिए कहा।

दोनों आरोपी ज्वेलरी से भरा बैग लेकर होटल के पिछले गेट से फरार हो गए। इधर कर्मचारी कमरे में उनके लौटने का इंतजार करता रहा। काफी देर तक दोनों के नहीं लौटने पर उसे शक हुआ। तलाश करने पर दोनों का कोई पता नहीं चला। होटल स्टाफ के मुताबिक, आरोपियों ने दो दिन के लिए कमरा बुक कराया था। वे कमरे में अपना सामान और कपड़े छोड़ गए, और होटल का किराया भी नहीं चुकाया।

पुलिस के अनुसार इनमें से एक व्यक्ति पैर से दिव्यांग है और उसका एक पैर नहीं है। कमरे की बुकिंग के लिए अतुल नाम की आईडी दी गई थी। होटल के स्वागत कक्ष पर मौजूद धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजे बदमाशों ने आभूषण व्यापारी के कर्मचारी को होटल के पिछले गेट से अंदर बुलाया। गेट के सुरक्षा गार्ड ने रोका तो बदमाश खुद वहां पहुंचे और मेहमान होने का हवाला देकर कर्मचारी को कमरे तक ले गए। पुलिस को आशंका है कि आईडी के रूप में इस्तेमाल किया गया आधार कार्ड फर्जी हो सकता है। पुलिस अब आरोपियों की वास्तविक पहचान, उनके आपसी संबंध और फरार होने के रास्ते की जांच कर रही है।

क्लास टेस्ट में कम नंबर आए, छात्रा ने सुसाइड किया: तालकटोरा में मिला 8वीं की स्टूडेंट का शव

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के तालकटोरा में आठवीं क्लास की 14 साल की स्टूडेंट का शव मिला है। स्टूडेंट क्लास टेस्ट में कम नंबर आने से परेशान थी। रात को मां से बात कर सो गई थी। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे स्थानीय लोगों को शव दिखा। सूचना पर पहुंची पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने शव को बाहर निकाला।

माणक चौक थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि सुबह कंट्रोल रूम से तालकटोरा में लड़की का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 20 मिनट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव बाहर निकाला। पुलिस और स्थानीय लोगों को तालकटोरा की सीढ़ियों पर स्टूडेंट की चप्पल और जैकेट मिली। इनके आधार पर पुलिस ने परिजनों को बुलाया, जिन्होंने शव की पहचान की।



पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि स्टूडेंट आठवीं क्लास में पढ़ती थी और परीक्षा में कम नंबर आने को लेकर पिछले कुछ दिनों से परेशान थी। बताया जा रहा है कि मृतका ने रात को मां से बातचीत की थी और इसके बाद सोने चली गई थी।

कबाड़ के गोदाम में लगी आग: ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन, 3 दमकलों ने पाया काबू

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में मुहाना रोड स्थित फिल्टर प्लांट के सामने बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे कबाड़ गोदाम में आग लग गई। आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जिस जगह आग लगी, उसके ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही थी। ऐसे में आग के साथ बड़े हादसे की आशंका भी बनी रही। सूचना मिलते ही मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू करवाए। दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों और पुलिस ने पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसके लिए 8 से 10 पानी के टैंकर मौके पर बुलाए गए। करीब 20 मिनट बाद दमकल की तीन गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस और दमकलकर्मियों ने संयुक्त प्रयास करते हुए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुहाना थाना एसएचओ हिम्मत सिंह ने बताया- आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर 8 से 10 पानी के टैंकर मंगवाए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की तीन दमकलों की मदद से करीब एक घंटे में आग बुझा दी गई। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।



हाईकोर्ट बोला- बेहतर चिकित्सा सुविधा लोगों का मौलिक अधिकार

थिंक राजस्थान • जयपुर

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं, फायर सेफ्टी, दवाइयों की गुणवत्ता और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने कहा- बेहतर चिकित्सा सुविधा पाना व्यक्ति के 'जीवन जीने' के मौलिक अधिकार से जुड़ा हुआ है। इसलिए सरकार की कार्रवाई केवल कागजी आश्वासनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि अस्पतालों की व्यवस्था में वास्तविक सुधार दिखना चाहिए। यह निर्देश मुख्य न्यायाधीश संजय के अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने असीम सिमलोट की जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिए। उन्होंने SMS अस्पताल में अग्निकांड के बाद कोर्ट में PIL लगाई थी।

याचिका सरकारी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्था में कमियों को लेकर दायर की गई थी। इसमें कैग की साल 2024 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया था कि सरकारी अस्पतालों की कमियों की जानकारी सामने आने के बावजूद करीब दो साल तक प्रभावी सुधार नहीं किए गए। इस पर सरकार ने हाईकोर्ट में जवाब देते हुए अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए उठाए गए कई कदमों की जानकारी दी। सरकार ने कहा कि SMS अस्पताल में आग की घटना के बाद फायर सेफ्टी मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए। वहीं अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर का नवीनीकरण किया गया। दवाइयों की गुणवता जांचने के लिए टेस्टिंग और क्वालिटी कंट्रोल की व्यवस्था की गई है। साथ ही बायो वेस्ट के निस्तारण की भी व्यवस्था की गई है। SMS अस्पताल में आग की घटना के बाद फायर सेफ्टी व्यवस्था मजबूत करने के कदम उठाए गए। फायर अधिकारियों की नियुक्ति की गई। फायर फाइटिंग सिस्टम की मरम्मत और रखरखाव के लिए टेंडर जारी किए गए। शेष बिल्डिंग के फायर NOC के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। मेडिकल कॉलेजों, CMHO और जिला व उप जिला अस्पतालों को इलेक्ट्रॉनिक ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए। अस्पतालों में आग लगने की स्थिति में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था और प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। SMS अस्पताल के ICU, वार्ड और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर का नवीनीकरण किया गया। नेशनल बिल्डिंग कोड के निर्धारित मानकों का पालन करने की बात कही गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मरम्मत और रखरखाव के लिए 10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए।

JDA कोर्ट के सीलिंग आदेश की भी अनदेखी, 12 फ्लैट, 8 में रह रहे परिवार

रेजिडेंशियल अपार्टमेंट के बेसमेंट में कपड़े की फैक्ट्री: 8 परिवारों की जान पर खतरा



थिंक राजस्थान • जयपुर

राजधानी जयपुर में रेजिडेंशियल अपार्टमेंट के बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने का मामला सामने आया है। दुर्गापुरा के महारानी फार्म स्थित गायत्री नगर बी में विदूशी रेजिडेंशियल अपार्टमेंट के बेसमेंट में कपड़ों की सिलाई का काम करवाया जा रहा है। आरोप है कि अपार्टमेंट के बिल्डर ने बेसमेंट को किराए पर देकर अरुवा इंटीरियर्स फर्म के नाम से यह काम शुरू करवा रखा है। यहां बड़ी मात्रा में कपड़ा रखा रहता है, लेकिन बिल्डिंग में आग से बचाव के लिए फायर सेफ्टी के कोई उपकरण नहीं हैं। ऐसे में आग लगने की स्थिति में अपार्टमेंट में रहने वाले परिवारों की जान खतरे में पड़ सकती है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में पिछले करीब डेढ़ साल से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बेसमेंट में कपड़ों की सिलाई का काम होता है और बड़ी मात्रा में कपड़ा रखा जाता है। निवासियों का कहना है कि आवासीय भवन में इस तरह का काम सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा है। बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में किसी अप्रिय घटना की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है।



अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने जब इस गतिविधि का विरोध किया तो किराए पर काम संचालित कर रहे हिमांशु शर्मा पर गुंडे बुलाकर निवासियों को धमकाने का आरोप लगाया है। इससे अपार्टमेंट में रहने वाले परिवारों में डर का माहौल है। निवासियों का कहना है कि वे अपने ही घर में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मामले को लेकर अपार्टमेंट के निवासियों ने जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद 30 सितंबर को कोर्ट ने संबंधित परिसर को सील करने का आदेश दिया। हालांकि, निवासियों का आरोप है कि आदेश के बावजूद अब तक जेडीए की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि कोर्ट के आदेश के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हुई। विदूशी अपार्टमेंट में कुल 12 फ्लैट हैं। इनमें से 8 फ्लैट में परिवार रहते हैं। अपार्टमेंट निवासी विरेंद्र चौधरी ने बताया कि वह पिछले तीन साल से अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ यहां रह रहे हैं। करीब डेढ़ साल से अपार्टमेंट में कथित तौर पर गैरकानूनी तरीके से कपड़ों की सिलाई का काम चलाया जा रहा है। जेडीए में शिकायत करने के बावजूद अब तक इस गतिविधि को बंद नहीं करवाया गया है। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई करने और अपार्टमेंट के परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

बीकानेर में पहली बार होगी मैराथनः एक साथ 21 किलोमीटर तक दौड़ेंगे युवा, 27 दिसम्बर को आयोजन





थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर रन क्लब की ओर से बीकानेर की पहली मैराथन का आयोजन 27 दिसंबर 2026 को किया जाएगा। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, बीकानेर विकास प्राधिकरण एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त सहयोग से होने वाला यह आयोजन शहर में फिटनेस, स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा। आयोजकों के अनुसार, इस मैराथन का उद्देश्य केवल दौड़ का आयोजन करना नहीं, बल्कि बीकानेर की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, पर्यटन और खान-पान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और आमजन को स्वास्थ्य, फिटनेस और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करना है।

रन क्लब के संयोजक इशान शर्मा ने बताया कि मैराथन में प्रतिभागियों के लिए 2 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की चार श्रेणियां रखी गई हैं। 2 किलोमीटर फन रन में प्रतिभागियों को टी-शर्ट प्रदान की जाएगी, जबकि 5K, 10K और 21K के प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल, टाइमिंग बिब और रिफ्रेशमेंट की सुविधा मिलेगी। दौड़ की शुरुआत सुबह 5 बजे होटल लक्ष्मी निवास पैलेस से होगी। निर्धारित रूट के अनुसार धावक म्यूजियम चौराहा, हल्दीराम प्याऊ, सागर और नापासर सर्कल सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए फिर से होटल लक्ष्मी निवास पैलेस पहुंचेंगे।

धावकों को मिलेगा सम्मान

मैराथन की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को फिटनेस गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मैराथन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में पुलिस विभाग के वृत्ताधिकारी (शहर) श्री अनुज डाल, विकास सिंह एवं बीकानेर रन क्लब के संस्थापक ईशान शर्मा का कहना है कि बीकानेर रन क्लब फिटनेस, खेल और पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास कर रहा है।

सरपंच चुनाव को लेकर जयसंगसर में दो गुटों में झड़प, पथराव में पिकअप क्षतिग्रस्त; तीन घायल



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

तहसील के जयसंगसर गांव में मंगलवार रात करीब 9 बजे सरपंच चुनाव को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हो गया। नारेबाजी के बाद शुरू हुई कहासुनी मारपीट और पथराव तक पहुंच गई। घटना में तीन युवक घायल हो गए। पथराव से एक पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रैक्टर के भी कई हिस्से टूट गए। घायलों को सरदारशहर के राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना की सूचना पर थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिसकर्मी गांव पहुंचे और हालात पर काबू पाया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर गश्त बढ़ा दी गई।

नारेबाजी के बाद बढ़ा विवाद

जानकारी के अनुसार, सरपंच पद के एक प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी के बाद कुछ लोगों के बीच कहासुनी हुई। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में कुछ लोग आपस में उलझ गए, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कुछ लोगों के बीच शराब के नशे में छोटी-सी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित कर ली है और फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है।

ब्रीफ न्यूज

IAS भास्कर ए सावंत आरसीए के प्रशासक बने रहेंगे

थिंक राजस्थान • जयपुर

आईएएस भास्कर ए सांवत राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के प्रशासक बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हटाने की मांग वाली राजेन्द्र सिंह नांदू व नागौर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को आज खारिज कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि प्रशासक सावंत ने आरसीए के चुनाव ठीक तरीके से नहीं करवाए हैं। ऐसे में उनकी जगह सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज अथवा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को प्रशासक नियुक्त किया जाए। वहीं, हाल ही में हुए आरसीए के चुनावों को भी रद्द करने की मांग की गई थी। लेकिन सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बैंच ने याचिकाकर्ताओं द्वारा मांगी गई राहत देने से इनकार करते हुए याचिकाएं खारिज कर दी। राजस्थान उच्च न्यायालय से कहा कि वह उसके समक्ष उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार कर उनका निर्णय करें। बैंच ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट इन सभी मुद्दों की जांच करने और उन पर निर्णय लेने में सक्षम है। प्रशासक भास्कर ए सावंत की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कहा कि भास्कर ए सावंत की नियुक्ति के बाद उनके व्यक्तिगत आचरण के संबंध में कोई आरोप नहीं लगाया गया है। उनकी नियुक्ति राजस्थान हाईकोर्ट ने एडहॉक कमेटी को भंग करते हुए की थी। उनके प्रशासक रहते हुए ही आरसीए के चुनाव करवाए गए हैं।



निगम का पट्टा बनाने के नाम पर 7.50 लाख मांगेः कर्मचारी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के सरदारपुरा स्थित एक प्लॉट के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। फर्जी पट्टा तैयार कर व्यापारी से 7.50 लाख रुपए हड़पने के मामले में भगत की कोठी थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी और नगर निगम के कनिष्ठ सहायक हरवंश कल्ला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस फर्जीवाड़े में निगम के एक अन्य कर्मचारी सहित अन्य आरोपी भी शामिल है। जानकारी के अनुसार- नागोरी गेट निवासी परिवादी विजय गहलोत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरे मित्र दीपक फर्नांडीज के सरदारपुरा C-रोड स्थित मकान के वे पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारक हैं। इस संपत्ति को लेकर पहले से ही फर्जी वसीयत और धोखाधड़ी का मामला उदयमंदिर थाने में दर्ज चल रहा था। इसी विवाद के बीच नगर निगम जोधपुर के कनिष्ठ सहायक हरबंस कल्ला और श्रीराम कल्ला परिवादी के संपर्क में आए। दोनों आरोपियों ने विजय गहलोत को झांसा दिया कि वे कस्टोडियन संपत्ति का विवाद सुलवाकर नगर निगम से पट्टा जारी करवा देंगे। इसके एवज में उन्होंने पट्टा और रसीदें दिलाने के नाम पर कुल 7 लाख 50 हजार रुपए ऐंठ लिए और 27 फरवरी 2026 को एक पट्टा थमा दिया। परिवादी जब इस पट्टे का रजिस्ट्रेशन कराने पंजीयन कार्यालय पहुंचे, तो अधिकारियों ने उस पर डिस्पैच नंबर और तारीख न होने के साथ-साथ अधिकारियों के हस्ताक्षर संदिग्ध मिलने पर इसे फर्जी करार दे दिया। इसके बाद जब नगर निगम कार्यालय में इसकी पड़ताल कराई गई, तो पता चला कि यह दस्तावेज निगम द्वारा जारी ही नहीं किया गया है।

पशु-चिकित्सा अधिकारियों की सेवा नियमित करने का आदेश बरकरार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने पशुपालन विभाग द्वारा दायर एक विशेष अपील को खारिज करते हुए 10 साल से अधिक सेवा वाले कर्मचारियों की सेवा नियमित रखने के आदेश को बरकरार रखा। पशुपालन विभाग के डॉ. रमाकांत सोनी, डॉ. सुरेन्द्र कुमार और डॉ. शादाब अहमद खान सहित अन्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को वर्ष 2013 में विज्ञापित पदों के तहत निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किया गया था। हालांकि, विभाग ने लगभग तीन साल बाद अचानक उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। इसके खिलाफ कर्मचारियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें अंतरिम राहत मिली और वे लगातार अपनी सेवाएं देते रहे। इसके बाद एकल पीठ ने 28 नवंबर 2025 को याचिका को स्वीकार करते हुए उनकी सेवाएं नियमित करने का स्पष्ट निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा- जिन कर्मचारियों ने शुरुआती नियुक्तियों में तकनीकी या प्रक्रियागत कमियों के बावजूद 10 साल या उससे अधिक की निरंतर सेवा पूरी कर ली है, वे नियमितीकरण के पूर्ण हकदार हैं।

आईएएस शिखर अग्रवाल से ACB टीम ने मांगे 40 विला के डॉक्यूमेंट

बेचने वाली कंपनी की कहां-कहां है प्रॉपर्टी, पता कर रही जांच टीम

थिंक राजस्थान • अलवर

IAS शिखर अग्रवाल और उनके परिवार के एक ही कंपनी से 40 विला-कॉटेज खरीदने के मामले में अब अलवर एसीबी ने भी जांच शुरू कर दी है। एसीबी ने अलवर जिला प्रशासन को लेटर जारी कर गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड के सभी भूमि (लैंड) कन्वर्जन की पूरी डिटेल मांगी है। इसके साथ ही प्रशासन से यह भी पूछा गया है कि जिले में इस कंपनी की और कहां-कहां जमीनें और संपत्तियां हैं। एसीबी के लेटर के बाद जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आया। जिले के सभी पंजीयक दफ्तरों (रजिस्ट्रार ऑफिस) को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। माना जा रहा है कि अगले दो दिन में पूरी रिपोर्ट तैयार कर एसीबी को सौंप दी जाएगी।

IAS शिखर अग्रवाल, उनकी पत्नी IPS प्रशाखा माथुर, दो बेटों और सास-ससुर ने गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड से अलवर के अजबगढ़ में 20 विला और उदयपुर के बुझड़ा में 20 कॉटेज खरीदे थे। सभी को खरीदने में 6 करोड़ 16.5 लाख रुपए खर्च हुए। खरीद के साथ ही ये सभी विला-कॉटेज उसी कंपनी को लीज पर दे दिए, जिससे खरीदे थे। बुझड़ा के 20 कॉटेज 4 लाख प्रति कॉटेज और अजबगढ़ के 20 विला 5 लाख रुपए प्रति विला सालाना के हिसाब से कंपनी को लीज पर दिए। यानी हर साल लीज से मिलने वाली रकम 1.80 करोड़ रुपए है।

शिखर-प्रशाखा के नाम 16 विला

गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का अजबगढ़ में अनंता स्पा एंड रिसॉर्ट है। इसी रिसॉर्ट में शिखर अग्रवाल के नाम 4 विला हैं। उनकी पत्नी IPS प्रशाखा माथुर के नाम 12 विला हैं। रिसॉर्ट में शिखर और प्रशाखा के अधिकांश विला की साइज 89 वर्ग मीटर है। इसमें एक कमरा, टॉयलेट, डाइनिंग एरिया और बालकनी शामिल हैं। शिखर ने यहां पहला विला साल 2024 में खरीदा था। इसके बाद लगातार खरीदारी हुई। कंपनी ने यहां सिंगल और जॉइंट (चार कमरों वाले) दोनों तरह के विला बनाए हैं।

भाजपा के पास कोई काम नहीं: मंत्रियों को मार्च निकालने में झोंका: गहलोत

कहा-देश पहली बार सत्ताधारी विपक्ष देख रहा है

थिंक राजस्थान • जयपुर

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा के लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत निकाली जा रही पैदल यात्राओं पर पलटवार किया है। गहलोत ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- पूरा देश इस बात से आश्चर्यचकित है कि चाहे भाजपा की केंद्र सरकार हो या राज्यों की सरकारें, क्या उनके पास कोई काम नहीं बचा है? सारे केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्री फिजूल के मार्च निकालने के काम में झोंक दिए गए हैं।



गहलोत ने लिखा- भारत के 80 साल के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार देश सत्ताधारी विपक्ष देख रहा है, यानी जो पार्टी खुद सत्ता में है, वह विपक्ष के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और मार्च कर रही है। वोट चोरी और चुनाव आयोग की मिलीभगत पकड़े जाने के बाद भाजपा घबराई गहलोत ने लिखा- महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता बुरी तरह त्रस्त है। इन सबके बीच अब वोट चोरी और चुनाव आयोग की मिलीभगत पकड़े जाने के बाद भाजपा पूरी तरह घबरा गई है और इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे कदम उठा रही है। चाहे इंडिया गठबंधन का मार्च हो या महारैली, पूरा आंदोलन अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार प्यार-मोहब्बत और लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन की बात कह रहे हैं। इसके बावजूद भाजपा देश में माहौल खराब करने के लिए इस तरह के मार्च निकाल रही है।


MLA फंड से 3.72 करोड़ के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

पूर्व विधायक बलजीत यादव को हाईकोर्ट से जमानत, 9 माह पहले किया था गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व विधायक बलजीत यादव को राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस रवि चिरानिया की बेंच ने बलजीत यादव को जमानत पर छोड़ने के निर्देश दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (MLA-LAD फंड) के 3.72 करोड़ रुपए के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बलजीत यादव को 3 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

बलजीत यादव साल 2018 से 2023 तक बहरोड़ से निर्दलीय विधायक थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के 32 सरकारी स्कूलों के लिए बैडमिंटन और क्रिकेट किट खरीदे गए थे। ये खेल सामग्री ढाई-तीन गुना ज्यादा कीमत पर खरीद कर सरकार को नुकसान



पहुंचाया और विधायक फंड से सामान की आपूर्ति में 3.72 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसके साथ ही टेंडर देने वाली फर्मों ने फेक डॉक्यूमेंट का यूज किया। इस केस में बालाजी कम्प्लीट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, सूर्या एंटरप्राइजेज, राजपूत स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज, शर्मा स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज के संचालक और शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारी भी आरोपी बनाए गए थे।

एसीबी ने 12 दिसंबर 2024 को बलजीत यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने उनके खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज करके मामले की जांच शुरू की थी। 3 फरवरी 2026 को बलजीत यादव को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रिमांड अवधि पूरी होने के बाद 7 फरवरी को पूर्व विधायक को जयपुर की विशेष अदालत में पेश किया था, जहां से उनको जेल भेज दिया गया था।

29 अक्टूबर को फैसला रिजर्व रख लिया था

बलजीत यादव की यह दूसरी जमानत याचिका थी। इस पर 29 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला रिजर्व कर लिया था। इससे पहले हाईकोर्ट बलजीत यादव की पहली जमानत याचिका को खारिज कर चुका था।

इसके खिलाफ बलजीत ने सुप्रीम कोर्ट में अपील भी की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी एसएलपी खारिज हो गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले में जल्द ट्रायल करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ईडी कोर्ट ने उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम कर दिए थे। इसी को ग्राउंड बनाकर बलजीत की ओर से दूसरी जमानत याचिका पेश की गई थी। उनकी ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता चित्रांश सक्सेना ने कहा- मामले मे ईडी सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश कर चुकी है। वहीं ट्रायल कोर्ट ने चार्ज भी फ्रेम कर दिए हैं। याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में बंद है। अब उनसे किसी तरह की जांच की आवश्यकता भी नहीं है। ऐसे में जमानत का लाभ दिया जाए। वहीं जमानत का विरोध करते हुए केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि अभी मामले का ट्रायल चल रहा हैं। आरोपी को जमानत मिलने से ट्रायल प्रभावित होने की आशंका है। यह मनी लॉन्ड्रिंग का गंभीर मामला है।

हाईकोर्ट ने फ्रीज खाते तुरंत खोलने से इनकार किया

कारोबारियों को पहले SOP के तहत शिकायत प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने साइबर क्राइम जांच के दौरान फ्रीज किए गए बैंक खाते तुरंत खोलने और मुआवजे की मांग पर कारोबारियों को राहत नहीं दी। कोर्ट ने कहा कि खाताधारकों को पहले केंद्र सरकार की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत शिकायत प्रक्रिया अपनानी होगी। जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि खाताधारक सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। तय शिकायत प्रक्रिया पूरी किए बिना अदालत का रुख करना जल्दबाजी होगी।

मामला जोधपुर की दो व्यावसायिक फर्मों श्री राधे एंटरप्राइजेज और सीबीएन आर्ट एंड क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। विजयवाड़ा साइबर क्राइम पुलिस के निर्देश पर इनके यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक खाते नवंबर 2024 और जनवरी 2025 में फ्रीज किए गए थे। कारोबारियों ने कहा था कि खाते बिना किसी पूर्व नोटिस के फ्रीज किए गए। उन्होंने खाते तुरंत खोलने और कुल 6 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की थी। उन्होंने यह भी दलील दी कि गृह मंत्रालय की एसओपी 2 जनवरी 2026 को जारी हुई, इसलिए इसे पुराने मामलों पर लागू नहीं किया जाना चाहिए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 'मदना राम बनाम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' मामले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि खाताधारकों को संबंधित बैंक शाखा, जांच एजेंसी और जिला या राज्य स्तर के शिकायत अधिकारियों के जरिए तय प्रक्रिया अपनानी होगी। कोर्ट ने कहा कि अगर इस प्रक्रिया के बाद भी अधिकारी उचित कार्रवाई नहीं करते या बेवजह देरी करते हैं, तो खाताधारक दोबारा अदालत आ सकते हैं। फिलहाल, कोर्ट ने खाते खोलने या मुआवजा देने का आदेश नहीं दिया।

बदमाशों ने पेट्रोल डालकर ऑटो रिक्शा में लगाई आगः हथियार साथ लेकर आए थे, लाठी-डंडों से की तोड़फोड़; कॉलोनीवासियों ने एक आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में मंगलवार देर रात बदमाशों ने एक ऑटो रिक्शा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इतना ही नहीं बदमाशों ने लाठी-डंडों से ऑटो में जमकर तोड़फोड़ भी की थी। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाशों ने घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। घटना देर रात करीब 1 बजे बजरंग नगर की है। डेढ़ बजे के करीब शोर-शराबे से जागे स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया था और पुलिस को सूचना दी। 2 बजे के करीब पुलिस



मौके पर पहुंची और एक बदमाश अमन को थाने लेकर गई। मामले में ऑटो मालिक आरिफ ने मुकदमा दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार, बदमाश ऑटो रिक्शा के पास पहुंचे। इनमें से एक युवक ऑटो पर चढ़ा और पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। देखते ही देखते ऑटो आग की लपटों में घिर गया और जलकर



खाक हो गया। वहीं, साथ आए अन्य बदमाशों ने लाठी-डंडों से ऑटो में तोड़फोड़ की। बदमाश अपने साथ हथियार भी लेकर आए थे। ऑटो ड्राइवर आरिफ का कहना है कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उसने बताया कि वह आग लगाने वाले युवकों को नहीं जानता। वहीं स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़ा था। जिसका



नाम अमन है जो भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में मस्जीद के पास रहता है। भीड़ ने जब युवक को पकड़ा तो लोग कहते नजर आए कि कल परसो से ये लोग ऑटो के कांच फोडकर गए थे। आज ऑटो रिक्शा पर पेट्रोल छीड़कर आग लगा दी। इस लड़के के साथ चार से 5 अन्य लड़के भी थे। जिनका ये नाम नहीं बता रहा है। लोग कहते नजर आए कि यहां पर सब मजदूर लोग रहते है। ये आए दिन कभी ऑटो रिक्शा से वायरिंग निकालकर ले जाते हैं। कभी बैटरी निकालकर ले जाते है। लोगों ने घरों से मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए, इन पर आतंक मचाने का आरोप लगाया। लोगों ने आरोपियों द्वारा लाई गई पेट्रोल की बोतल भी दिखाई। लोगों ने पेट्रोल के साथ परफ्यूम की बोतल भी इस दौरान दिखाई जो कि आग लगाने के लिए लाई गई थी। देर रात करीब डेढ़ से 2 बजे तक भट्टा बस्ती इलाके में हंगामा होता रहा। करीब आधे घंटे बाद पुलिस की पीसीआर आई और लोगों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं युवक ने कहा कि बदमाशों ने उसके थप्पड़ मारे और वीडियो बनाने के लिए कहा। भट्टा बस्ती थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि अमन (19) निवासी भट्टा बस्ती मस्जिदी को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश अमन ने कहा कि वह यहां से गुजर रहा था। तभी कुछ युवकों ने उसको रोक लिया। फिर पहले तीन चार चाटे मारे और वीडियो बनाने के लिए कहा। एसएचओ ने स्पष्ट कहा कि एक आरोपी का चेहरा वीडियो में साफ नजर आ रहा है। अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए टीम गठित कर दबीश दी जा रही है।


प्रधानमंत्री मोदी को राहुल की चुनौती पर छिड़ा संग्राम, भाजपा ने किया पलटवार

केंद्र सरकार संसद के भीतर हर मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार, जहां चाहें बहस कर लें, संसद को बताया उचित मंच, हम तो विशेष सत्र बुलाने पर भी राजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गई खुली बहस की चुनौती का पलटवार करते हुए कहा है कि सरकार संसद के भीतर हर मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने हैदराबाद (तेलंगाना) और बाद में रायपुर (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह के दौरान राहुल पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि संसद ही इस तरह की चर्चा का उचित मंच है। शाह ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो सरकार विशेष सत्र बुलाने के लिए भी तैयार है, जहां ईवीएम, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित घुसपैठ जैसे मुद्दों पर बहस की जा सकती है। शाह ने राहुल को संसद में आकर बहस में शामिल होने का साहस दिखाने की चुनौती दी है।

आकर बहस करें, भागें नहीं



वित्त मंत्री सीतारमण ने पूछा

बहस के दौरान संसद में क्यों भागते हो? बाधित क्यों करते हो



राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल ने प्रधानमंत्री को किसी भी मंच पर सार्वजनिक बहस के लिए आमंत्रित करते हुए कई मुद्दों पर सवाल उठाए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि चर्चा के लिए संसद पहले से मौजूद मंच है, जहां राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और जवाब सुनने से बचने का भी आरोप लगाया।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा

संसद में होनी चाहिए सभी डिबेट



मुंबई। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने राहुल गांधी की बहस की चुनौती पर प्रतिक्रिया दी है। चतुर्वेदी ने कहा कि मेरा मानना है कि सभी बहसें संसद में होनी चाहिए। सरकार विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने से बार-बार बचती है। इसी वजह से हमें अपना विरोध प्रदर्शन सड़कों पर लाना पड़ा है। अगर खुली बहस का प्रस्ताव आता है, तो दोनों राष्ट्रीय पार्टियों को अपना पक्ष रखना चाहिए। ताकि जनता खुद तय कर सके। संसद में देश, लोगों और ईसी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

राहुल ने दी थी खुली बहस की चुनौती



राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट जारी कर प्रधानमंत्री को सीधी बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बीत चुके हैं और वह अभी भी अपने प्रस्ताव पर कायम हैं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा अक्सर विपक्ष पर देशद्रोह जैसे आरोप लगाते हैं। ऐसे में सार्वजनिक मंच पर यह स्पष्ट होना चाहिए कि आखिर देशद्रोही कौन है, किसका विदेशी ताकतों से संबंध है। गांधी ने प्रधानमंत्री को विदेशी मदद, भारत-अमेरिका ट्रेड डील, अडाणी समूह और वित्तीय सिस्टम जैसे मुद्दों पर किसी भी मंच पर खुली बहस की चुनौती दी है।

भाजपाध्यक्ष नवीन ने गोरखपुर में निकाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा

विपक्ष एसआईआर और ईवीएम पर सवाल उठा चुनावी हार के लिए बहाना बना रहा, हार से सबक नहीं सीखते

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे एसआईआर और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाकर अपनी चुनावी हार के लिए बहाना बना रहे हैं। नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं ने ऐसे 'राजकुमारों' को खारिज कर दिया है। गोरखपुर में पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के दो 'राजकुमारों' (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) के कारनामे ऐसे रहे हैं, जिन्हें राज्य और देश की जनता आज भी याद रखती है। राहुल को 'पार्ट-टाइम राजनेता' बताते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि वे केवल चुनावों के दौरान ही राजनीतिक रूप से सक्रिय होते हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल जनसेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने विपक्षी पर यह आरोप लगाया कि वे चुनावी नतीजों को स्वीकार करने के बजाय निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हैं और ईवीएम में हेराफेरी का आरोप लगाते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चुनावी हार से कोई सबक नहीं सीखते, बल्कि बहाने बनाने के साथ 'घड़ियाली आंसू' बहाते हैं।

नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए

राहुल को बताया 'पार्ट-टाइम राजनेता'



ईवीएम मामले में राहुल ने एक भी प्रमाण नहीं दिए, मैदान छोड़ा

रामलीला मैदान में एक नवंबर को विपक्ष की रैली का जिक्र करते हुए, उन्होंने दावा किया कि वहां उतनी भीड़ भी नहीं जुटी, जितनी आयोजकों ने उम्मीद की थी। यह उम्मीद की गई भीड़ का 10 प्रतिशत भी नहीं थी। एनडीए के सहयोगी देशभर में विशाल मार्च निकाल रहे हैं, जो ताकत और जनता के समर्थन को दर्शाता है।

नाम कटने का दिया ब्योरा

नवीन ने आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि इनमें से 2.5 करोड़ नाम उन लोगों के थे जिनका निधन हो चुका है, और लगभग 6 करोड़ नाम उन लोगों के थे जो अपने पंजीकृत पते से कहीं और चले गए हैं। उन्होंने 3 करोड़ से अधिक ऐसे लोगों का भी जिक्र किया, जिनके पते की पुष्टि नहीं हो सकी।

रालोद प्रमुख जयंत ने कहा

लोकतंत्र बचाओ रैली पूरे भारत की आवाज बन रही



केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि गोरखपुर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली पूरे देश की आवाज है और यह केवल शहर या पूर्वांचल क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

रवि किशन ने विपक्ष को घेरा

विपक्ष भारत में दंगे और बम धमाके वापस चाह रहा



सांसद रविकिशन ने विपक्ष पर देश में दंगे और बम धमाकों का दौर लाने की मंशा रखने का आरोप लगाते हुए कहा विपक्ष प्रधानमंत्री की चुनावी जीत और भाजपा की बढ़ती ताकत को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान ये आरोप लगाए।

भाजपा की प्रयागराज में पदयात्रा

सिविल लाइंस में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के नारे लगाए



प्रयागराज। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल और यादव अगले 30 साल तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। उन्होंने दावा किया भाजपा ही वर्तमान और भविष्य है।

पूर्णिया में गरजे असम के सीएम सरमा

राहुल देश को पप्पू मॉडल और प्रधानमंत्री राम मॉडल बनाना चाह रहे



पूर्णिया। पूर्णिया में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' में एनडीए के दिग्गजों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। जिला परिषद परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस और विपक्ष पर तीखे राजनीतिक बाण चलाए।

हिमाचल में भाजपा की पदयात्रा में गरजे जयराम और अनुराग ठाकुर

चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर देश में भ्रम पैदा किया जा रहा



हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार राजनीतिक प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन और पदयात्रा आयोजित की गई। इस दौरान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने भी विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। देश में विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

कर्नाटक-केरल के सीएम इस्तीफा दें

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस को राजनीतिक रुख में स्पष्टता लानी चाहिए। उन्होंने एसआईआर और चुनावी व्यवस्था का जिक्र करते हुए केरल सहित विभिन्न राज्यों के चुनावों की बात उठाई। कर्नाटक और केरल के सीएम इस्तीफा दें।

मान सरकार पर बरसे राहुल गांधी

ड्रग्स बड़ा नासूर, हर शाम नशा करने वाला नहीं कर सकता यह मुकाबला

दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया



एजेंसी ▶▶ संगरूर

यहां के गांव फगुवाला में कांग्रेस की इंसाफ रैली में राहुल गांधी ने मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सबसे पहले मंच पर मौजूद दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज पंजाब में नशा और गैंग्सटरिज़्म सबसे बड़ा संकट बन चुका है। राहुल ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला बेहद टैलेंटेड और ऊर्जावान युवा थे। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि जिस सोच ने मूसेवाला को दिन-दहाड़े और बिना डरे गोलियों से भून दिया, वह दुखद है। राहुल ने कहा कि जिस पिता को अपने जवान बेटे की अर्थी देखनी पड़े, उससे बड़ा दर्द इस दुनिया में और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मूसेवाला की सिक्योरिटी हटाने के बाद सरेआम उनकी हत्या कर दी गई।

हम पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे

राहुल ने कहा कि जब वह पहले पंजाब आए थे और उन्होंने नशे की बात कही थी, तब विपक्ष के तमाम दलों भाजपा और अकाली दल ने उनकी बात को नकारा था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रदेश में उद्योग, फैक्ट्रियां और खेती-किसानी मजबूत नहीं होगी, तब तक नशा और गैंग्सटरिज़्म का खात्मा नहीं हो सकता। राहुल ने कहा कि चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि वे पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे। जनता ने उन पर भरोसा भी किया, लेकिन आज सवाल यह है कि सरकार ने प्रदेश के किस कोने से नशा खत्म किया है? मान पर सीधा प्रहार करते हुए राहुल ने लोकसभा के दिनों का एक संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद हर शाम नशे की गिरफ्त में रहता हो, वह जनता को नशे से कैसे बचा सकता है।

मान के मुंह से आती थी शराब की बदबू

राहुल ने ने कहा कि पंजाब को एक ऐसी सरकार चाहिए जो यहां के लोगों के लिए काम करे। राहुल ने कहा कि पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा नशा है। राहुल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर नशे को रोकने में फेल होने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि दूसरी कहानी बताता हूं, आपके चीफ मिनिस्टर के बारे में, मैं लोकसभा में था सुबह-सुबह हमारे पास बैठकर हमें चुटकुले सुनाते थे और 11 बजे सुबह उनके मुंह से शराब की बू आती थी।

खबर संक्षेप

सुवेंदु बाहरी श्रमिकों को देंगे 5 हजार रुपए



कोलकाता। बंगाल के सीएम अधिकारी ने दूसरे राज्यों में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों से घर लौटने की अपील की है और उन्हें 'वीबी-जी राम जी' योजना के तहत 125 दिन के रोजगार तथा सालाना 34,500 रुपए की आय की गारंटी का हवाला दिया है। उन्होंने दिवाली से पहले चाय बागान के श्रमिकों के लिए 5,000 की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की है। एकमुश्त सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

महाराष्ट्र में 73 लाख किसानों को 5-5 हजार



मुंबई। महाराष्ट्र में सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राज्य सरकार ने राहत राशि जारी की है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि दिवाली से पहले 73 लाख किसानों के बैंक खातों में 5-5 हजार की शुरुआती राहत पहुंच चुकी है। जिन किसानों को अभी तक पैसा नहीं मिला है, उन्हें 2 दिनों में भुगतान किया जाएगा। करीब 95 फीसदी को इस अवधि में राहत राशि मिल जाएगी। राज्य में 4.86 लाख किसानों के लिए 4,764 करोड़ रुपए की कर्जमाफी की राशि भी जारी की गई है।

मुश्किलों में घिरे सीईसी ज्ञानेश

रिश्वत का मामला, 20 साल पुराने केस में जांच को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ केरलम

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। केरलम में उनके खिलाफ करीब 20 साल पुराने कथित रिश्वत मामले की जांच का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने पूर्व लोक निर्माण विभाग सचिव रहे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो को मंजूरी दे दी है। आरोप है कि साल 2006 में केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले 2 करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ज्ञानेश के खिलाफ जांच की अनुमति दी है। पूर्व पीडब्ल्यूडी सचिव के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाए गए थे, जिन्हें लेकर विजिलेंस विभाग जांच करना चाहता था।



अमेरिका में सीनेटर बने अब्दुल


ओवैसी ने कहा- अब उत्तर प्रदेश में दरी नहीं बिछाएंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अमेरिका में हुए 2026 के मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स, दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। मिशिगन से सीनेट चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम व्यक्ति बनने का इतिहास रच दिया है। उनकी इस जीत पर एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अब्दुल की जीत को उत्तर प्रदेश की सियासत से जोड़ दिया। एक अब्दुल मिशिगन में जीत गया, अब उत्तर प्रदेश के अब्दुल को अपनी सियासी पहचान मजबूत करनी होगी। हम दिखाएं कि अब्दुल अल्लाह के सिवा किसी की गुलामी नहीं करता। अब दरी नहीं बिछाएंगे।



प्रधानमंत्री पहुंचे 'शाही' शादी में



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के शाही परिवार के राजकुमार मार्तंड सिंह और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया बादल के विवाह रिसेप्शन में शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो क्षेत्रों को दी बड़ी सौगात

2030 तक ऊर्जा भंडारण के लिए 14,500 करोड़ की राशि मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए 2 अहम योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपए का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण शामिल है। इलिथियम और निकल जैसे अहम खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने 2,814 करोड़ की योजना को भी हरी झंडी मिली। दोनों योजनाओं के लिए 17,314 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह नकारी दी। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए 17,314 करोड़ की 2 योजनाएं स्वीकृत की

5 वर्षों तक कार्यान्वित की जाएगी



इस योजना का उद्देश्य 3 प्रौद्योगिकियों में 92 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का विकास करना है। इनमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (30 जीडब्ल्यूएच) शामिल है। पंप भंडारण परियोजनाएं (60 जीडब्ल्यूएच) भी इस योजना का हिस्सा हैं। उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियां (2 गीगीवाट) भी विकसित की जाएंगी। यह योजना 5 वर्षों तक यानी 2030-31 तक कार्यान्वित की जाएगी।

खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा

सरकार ने लिथियम और निकल जैसे खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने 2,814 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना देश में अहं खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी। खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है।

नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण होगा सुगम

ये दोनों योजनाएं भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा भंडारण प्रणालियां नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को सुगम बनाएंगी। यह बिजली ग्रिड की स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। महत्वपूर्ण खनिजों का घरेलू प्रसंस्करण आयात पर निर्भरता कम करेगा। यह देश को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के झटकों से बचाएगा।

ट्राई ने लॉन्च किया नेटवर्क अनुभव

मोबाइल नेटवर्क कितना अच्छा मिलेगी प्लेटफॉर्म पर जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड की इंटरनेट स्पीड से जुड़ी गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए नेटवर्क अनुभव प्लेटफॉर्म शुरू किया। बुधवार को शुरू किए गए प्लेटफॉर्म जरिए उपभोक्ता अपने इलाके में मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड की इंटरनेट स्पीड की जानकारी हासिल कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग दूरसंचार कंपनियों और तकनीक के आधार पर नेटवर्क की स्थिति देखी जा सकेगी। ट्राई के मुताबिक



प्लेटफॉर्म पर उसके माईस्पीड और माईकॉल ऐप के जरिए जुटाए गए आंकड़े उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता नक्शे पर अपने इलाके की जानकारी देखकर इंटरनेट की डाउनलोड और अपलोड स्पीड का आकलन कर सकेंगे। ट्राई के स्वतंत्र नेटवर्क परीक्षणों के आंकड़े भी देखे जा सकेंगे। उपभोक्ता मोबाइल और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की सेवाओं की स्पीड देख सकेंगे।



किंग 100 में 'महंती झांसी रानी' का किरदार निभाएंगी तब्बू

मुंबई। अभिनेत्री तब्बू की आगामी फिल्म 'किंग 100' से उनकी पहली झलक सामने आई है। वे 'महंती झांसी रानी' का किरदार निभाती नजर आएंगी। नागार्जुन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तब्बू का 'किंग 100' से फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। अभिनेत्री लाल रंग की साड़ी पहने रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ नागार्जुन ने लिखा है, 'अब आप हमारी यादों में 'महंती झांसी रानी' के रूप में बसी रहेंगी। आपने इस फिल्म को बहुत खास बना दिया।

लाइफ Style

भूमि
जानी दुश्मन का फर्स्ट लुक छाया

इस साल कई बड़ी फिल्मों का ऐलान किया गया है, जिसमें काफी हॉरर फिल्में रही हैं। अब भूमि पेडनेकर के हाथ भी एक हॉरर फिल्म लगी है। जिसका नाम है- जानी दुश्मन: डर के आगे मौत है! टी-सीरीज ने ऑफिशियल तौर पर इस नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जानी दुश्मन: डर के आगे मौत है' है।

नई दिल्ली। फिल्म के पोस्टर और अनाउंसमेंट से साफ है कि यह दर्शकों को पूरी तरह से डराने और खौफ पैदा करने के लिए तैयार की जा रही है। भूमि पेडनेकर पहली बार इतने बड़े लेवल की हॉरर फिल्म में लीड करती दिखेंगी. इस रोमांचक और डरावनी कहानी को बड़े पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी अरशद सैयद को सौंपी गई है।दरअसल फिल्म को बड़े बजट और ग्रैंड लेवल पर तैयार किया जा रहा है। जिसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रभलीन संधू और अजय सिंघल हैं मिलकर बना रहे हैं। फिल्म के सामने आए खौफनाक पोस्टर और पहली तस्वीर ने सोशल मीडिया पर आते ही सनसनी फैला दी है। तस्वीर में एक महिला सोती हुई नजर आ रही है। लेकिन उसी पल उसके करीब एक डरावना, नीले रंग का भूतिया हाथ पहुंच रहा है। यह सस्पेंस और खौफ से भरा सीन किसी की भी रूह कंपा देने के लिए काफी है। फिल्म में दर्शकों को दिल दहला देने वाले हॉरर सीन्स देखने को मिलने वाले हैं, जो पोस्टर देखकर अंदाजा लग गया है। टी-सीरीज और मेकर्स की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म बहुत जल्द ही फ्लोर पर जाने वाली है। मेकर्स ने यह भी साफ कर दिया है कि यह फिल्म साल 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी. 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है'से भूमि एक बिल्कुल नए और डरावने अवतार में पर्दे पर लौटेंगी. जिसे लेकर उनके चाहने वालों में एक्साइटमेंट काफी बढ़ गया है।



हॉलीवुड मसाला



पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6 में
जॉनी की एंट्री

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6' में जैक स्पैरो के रूप में अपनी वापसी की संभावनाओं पर बात की है। 'एबेनेजर' प्रेस टूर के दौरान बात करते हुए जॉनी डेप ने संकेत दिया कि वे एक बार फिर समुद्री डाकू की कॉस्ट्यूम पहनेंगे। साथ ही कहा कि वे अपने दोस्त और फ्रैंचाइजी के प्रोड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर को कभी मना नहीं करेंगे। एक्टर ने कहा, 'अगर 'पाइरेट्स' फ्रैंचाइजी को टॉप पर लाने के मामले में चीजें ठीक वैसी ही हैं, जैसी होनी चाहिए तो मैं सच में बस यही चाहता हूं कि उन्हें एक बेहतर नोट पर विदा करूं।

बेबी डॉल' सिंगर कनिका कपूर की दूसरी शादी टूटी
2022 में हुई थी शादी, 2012 में पहला तलाक हुआ था; बोलीं- जिंदगी में कोई दूसरा नहीं है



मुंबई। बेबी डॉल' जैसे कई फेमस गाने गाने वाली सिंगर कनिका कपूर ने पति गौतम हाथीरमानी से अलग होने का ऐलान किया। दोनों की शादी चार साल पहले हुई थी। कनिका ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने लोगों से इस समय उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की।

सिंगर ने लिखा, "प्रिय दोस्तों और परिवार, काफी सोच-विचार करने के बाद मैंने और मेरे पति ने अलग-अलग रहने का फैसला किया है। हमने साथ में जो समय बिताया, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं उनके आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं देती हूं।" उन्होंने आगे लिखा, "मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि इस मुश्किल समय में हमारी निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें समझने की कोशिश करें।"

तीसरे व्यक्ति की अफवाहों से इनकार

कनिका ने रिश्ते में किसी तीसरे व्यक्ति के शामिल होने की अफवाहों को खारिज किया। सिंगर ने मुंबई मिरर के साथ बातचीत में कहा, "मेरी जिंदगी में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है और जहां तक मुझे पता है, गौतम की जिंदगी में भी कोई और नहीं है। यह मेरा दूसरी बार तलाक है। इसलिए इस बार भी मुझे दुख और निराशा हो रही है। यह कहना गलत है कि मैं लागोस (नाइजीरिया का शहर) में नहीं रहना चाहती थी। शादी टूटने पर सबसे पहले महिला को दोष देना आम बात है, जो गलत है। शादी में क्या हुआ, यह सिर्फ पति-पत्नी ही जानते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं फिलहाल मुंबई में हूं और तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं। मेरे तीन बच्चे हैं, जिनकी देखभाल भी मुझे करनी है। मैं चाहती हूं कि आगे गौतम के साथ मेरे रिश्ते अच्छे बने रहें। मैं झगड़ा करने वाली इंसान नहीं हूं। मुझे उम्मीद है कि वह भी ऐसा ही चाहेंगे।"

पहले पति से 2012 में हुआ था तलाक

कनिका की पहली शादी लंदन में रहने वाले राज चंडोक से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हुए। कनिका और चंडोक का 2012 में तलाक हो गया था।

कनिका कपूर का सिंगिंग करियरः कनिका ने बचपन से ही संगीत सीखना शुरू कर दिया था। 12 साल की उम्र में उन्होंने शास्त्रीय संगीत की ट्रेनिंग ली। उन्होंने लखनऊ के भातखंडे संगीत संस्थान से म्यूजिक में ग्रेजुएशन और मास्टर्स किया। कनिका की शादी बेहद कम उम्र (18 वर्ष) में राज चंडोक से हो गई, जिसके बाद वह लंदन शिफ्ट हो गईं। उन्होंने अपने तीन बच्चों की परवरिश के लिए करीब 14-15 सालों तक संगीत से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। साल 2012 में तलाक होने के बाद सिंगिंग में करियर बनाने के लिए मुंबई आ गईं। इसी साल उनका म्यूजिक वीडियो 'जुगनी जी' रिलीज हुआ। साल 2014 में उन्होंने फिल्म 'रागिनी MMS 2' के गाने 'बेबी डॉल' से बॉलीवुड में बतौर प्लेबैक सिंगर शुरुआत की। यह गाना सुपरहिट हुआ और उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला।



78 साल की उम्र में भी बरकरार है
उषा का जादू

मुंबई। संगीत की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे होते हैं, जिनका जादू वक्त के साथ कम होने के बजाय और बढ़ता जाता है। उनका अंदाज, आवाज और स्टेज पर मौजूदगी हर बार लोगों को हैरान कर देती है। ऐसी ही एक सिंगर हैं उषा उत्थुप। 78 साल की उम्र में भी वह अपनी दमदार आवाज और जबरदस्त एनर्जी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर रही हैं। इन दिनों उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉनी एम के मशहूर डिस्को सॉन्ग 'रासपुतिन' गाती नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि उषा ने अपने इस शो में सिर्फ 'रासपुतिन' ही नहीं गाया। उन्होंने एडेल का मशहूर गाना 'स्काईफॉल' और ग्लोरिया गेयनर का 'आई विल सर्वाइव' भी परफॉर्म किया। अलग-अलग तरह के इन गानों को भी उषा ने अपने खास अंदाज में पेश किया।



मातृभूमि का नया गाना तेरी सेक्सी ब्यूटी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज को लेकर लोगों के बीच सुर्खियों में छा गए हैं। बुधवार सुबह करीब 5 बजे उन्होंने ऐसा सरप्राइज दिया जिसे देख सभी चौंक गए। दरअसल, उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'मातृभूमि' का नया गाना ' तेरी सेक्सी ब्यूटी ' अचानक रिलीज कर दिया। 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' के साथ सलमान खान करीब 11 साल बाद एक बार फिर अपनी आवाज में गाना लेकर आए हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2015 में निखिल आडवाणी की फिल्म 'हीरो' के गाने 'मैं हूं हीरो तेरा' और साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के गाने 'हैंगओवर' को अपनी आवाज दी थी। इस नए गाने को सलमान खान और मुस्कान ने गाया है। वहीं, इसके म्यूजिक को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है ।

17 साल की उम्र से हूं आत्मनिर्भर



नई दिल्ली। पंजाबी एक्टर-मॉडल समरीन कौर और भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह अपने रिलेशनशिप को लेकर लगातार चर्चा में हैं। पिछले दिनों अर्शदीप सिंह ने समरीन के बर्थडे पर एक प्यार भरा नोट साझा किया था, जिसे फैंस से खूब प्यार मिला। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से एक्ट्रेस को उनके रिश्ते के लिए लगातार निशाने पर लिया जा रहा है। अब समरीन ने अर्शदीप सिंह के साथ अपने रिश्ते को लेकर हो रही लगातार टिप्पणियों के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों के लगातार जज करने और शोहरत पाने के लिए अर्शदीप को डेट करने का आरोप लगाए जाने से तंग आकर उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने रिश्ते को लेकर समाज के डबल स्टैंडर्ड्स पर सवाल उठाए हैं। समरीन ने साफ कर दिया है कि वह अपने फैसलों से खुश हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर अनजान लोगों के सामने अपनी निजी जिंदगी को लेकर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। अर्शदीप ने भी उनका समर्थन किया है। क्रिकेटर अर्शदीप ने समरीन की पोस्ट शेयर करते हुए साफ कहा कि उनके रिश्ते पर बार-बार टिप्पणी करने वालों को वह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।

आज दुनिया भर के सिनेमाघरों में पांच भाषाओं में होगी रिलीज
रामायण के ग्रैंड प्रीमियर में साड़ी में छाईं आलिया

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले मुंबई में फिल्म की वॉर्ड प्री-रिलीज स्क्रीनिंग की गई। इसमें आलिया भट्ट, रवि दुबे, सनी देओल समेत फिल्म की बाकी स्टारकास्ट भी शामिल हुई।

रणबीर कपूर : मुंबई में हुई फिल्म की वॉर्ड प्री-रिलीज स्क्रीनिंग में रणबीर कपूर भी लाल कलर का कुर्ता पहनकर शामिल हुए। बता दें कि रणबीर 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाएंगे।

आलिया भट्ट : इस इवेंट में रणबीर कपूर की पत्नी और अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी सास नीतू कपूर के साथ पहुंचीं। दोनों अपने शानदार अंदाज में नजर आईं। आलिया ने इस खास मौके के लिए हल्के समुद्री नीले रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने हॉल्टर नेक डिजाइन वाला हैवी वर्क ब्लाउज कैरी किया। वहीं, नीतू कपूर भूरे रंग के मॉडर्न आउटफिट में नजर आईं। उन्होंने काउल नेक टॉप के साथ वाइड लेग ट्राउजर पहना था।



रवि दुबे : प्रीमियर में रवि दुबे, उनकी पत्नी सरगुन मेहता और उनका परिवार साथ दिखा। बता दें कि रवि फिल्म में राम के भाई लक्ष्मण का किरदार निभाते दिखेंगे ।

काजल : अभिनेत्री काजल अग्रवाल ब्लैक कलर की खूबसूरत स्ट्रैपलेस ड्रेस में नजर आईं। उनकी ड्रेस पर सिल्वर रंग की चमकदार डिटेलिंग थी, जिसने उनके लुक को और खास बना दिया। वे साथ में अपने बच्चे को भी लेकर आईं।

आज रिलीज होगी रामायण: नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'रामायण', 'प्राइम फोकस स्टूडियो' और यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स' के तहत बनी है। इसमें रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी के अलावा सनी देओल, रवि दुबे, अनुपम खेर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह और विवेक ओबेरॉय जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण: पार्ट वन' 5 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में पांच भाषाओं- हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।



सलमान के स्वैग से जमा रंग, पत्नी के साथ पहुंचे आयुष्मान
निर्माता रमेश की दिवाली पार्टी में सितारों ने लगाए चार चांद

मुंबई। दिवाली के त्योहार की तैयारियां और जश्न शुरू हो गया है। फिल्म जगत में भी रौनक देखी जा रही है। कई सेलेब्स पार्टी दे रहे हैं तो कुछ अपनी उपस्थिति से आयोजनों को रोशन कर रहे हैं। फिल्म निर्माता रमेश तौरानी ने बीती रात दिवाली पार्टी दी। सलमान खान ने स्वैग के साथ एंट्री ली और पार्टी में चार चांद लगा दिए।

डैशिंग लुक में नजर आए भाईजान

अभिनेता सलमान खान बीती रात रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचे। उन्होंने आयोजन में स्वैग से एंट्री ली। ब्लैक शर्ट और डैनिम जींस में वे डैशिंग लुक में नजर आए।

हरे सूट में रवीना दमकीं, नीली ड्रेस में राशा

अभिनेत्री रवीना टंडन भी पार्टी में पहुंचीं। वे अपनी बेटी और एक्ट्रेस राशा थडानी के साथ रमेश तौरानी के यहां दिवाली बैश में शामिल हुईं। मां-बेटी की जोड़ी ने अपने चार्म से पार्टी में रौनक बिखेर दी।



पत्नी तान्या के साथ पहुंचे लॉर्ड बॉबी

अभिनेता बॉबी देओल अपनी पत्नी तान्या देओल के साथ पहुंचे। दोनों ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। बॉबी व्हाइट कलर के कुर्ता पजामा में नजर आए। वहीं, तान्या लाल रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं।

गुलाबी लहंगे में छाईं अदिति

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपने पति एक्टर सिद्धार्थ के साथ पार्टी में पहुंचीं। गुलाबी रंग के लहंगे में अदिति ने महफिल लूट ली।

तौरानी ने किया मेहमानों का स्वागत

होस्ट की भूमिका में रमेश तौरानी और उनकी पत्नी वर्षा तौरानी ने हर मेहमान का गर्मजोशी से स्वागत किया। वर्षा लाल रंग के सूट में खूब जचीं।

राज -शिल्पा -खुशी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सिल्वर कलर की ड्रेस में नजर आईं। वे पति राज कुंद्रा के साथ पार्टी में पहुंचीं। उनके अलावा बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी अभिनेत्री खुशी कपूर भी खूब दमकीं।

ये सेलेब्स भी पहुंचे


अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा के साथ पार्टी में शिरकत की। मृणाल ठाकुर ने अपने लुक से चार चांद लगाए। वे व्हाइट कलर की साड़ी में नजर आईं। इसके अलावा जेनेलिया देशमुख और सान्या मल्होत्रा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आलिया भट्ट की मां बोलीं- दिवाली पर पटाखा फोड़ना देशविरोधी

कहा- प्रदूषण से बच्चों की सेहत बिगड़ रही; दिया मिर्जा का वीडियो हटाया गया था

मुंबई। एक्ट्रेस आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने दिवाली पर पटाखा फोड़ने को देशविरोधी बताया है। मंगलवार देर रात इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर उन्होंने इसे सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ बताया।

उन्होंने लिखा कि प्रदूषण के कारण छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। विवाद की आशंका को देखते हुए सोनी राजदान ने अपनी इस पोस्ट पर कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। उनका यह बयान बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) को दीया मिर्जा का प्रदूषण मुक्त दिवाली वीडियो री-अपलोड करने के आदेश के बाद आया है। सोनी राजदान ने लिखा कि छोटे बच्चों के माता-पिता ही जानते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण उनके बच्चे कितना परेशान होते हैं और बीमारी की वजह से उनके स्कूल के कितने दिन छूट जाते हैं।



उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में अगर कोई यह कहता है कि दिवाली पर एक भी पटाखा फोड़ना सही है, तो यह बात लाइफ के खिलाफ, सेहत के खिलाफ और देश के खिलाफ (एंटी-नेशनल) लगती है। उन्होंने लोगों से अपनी और बच्चों की सेहत के लिए सही विकल्प चुनने की अपील की।

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब बीएमसी ने भारतीय जनता पार्टी की आपत्ति के बाद दीया मिर्जा का प्रदूषण मुक्त दिवाली संदेश वाला वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल से डिलीट कर दिया था। हालांकि बीएमसी ने माधुरी दीक्षित और क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे के वीडियो बरकरार रखे थे। दीया मिर्जा ने कोर्ट के निर्देश पर यह वीडियो बनाया था। वीडियो हटाए जाने पर दीया मिर्जा ने कहा था कि यह वीडियो सार्वजनिक जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य के लिए बनाया गया था, क्योंकि वायु प्रदूषण जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर विषय है। इसके बाद अदालत ने बीएमसी को दीया मिर्जा का वीडियो दोबारा अपलोड करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने बीएमसी प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा था कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और पर्यावरण का मुद्दा हर नागरिक से जुड़ा है।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।



बारिश के कारण रूका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया।

11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लेंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था, जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया।

भारत के 22 रन के अंदर गिरे 4 विकेट

भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर 1 विकेट पर 64 रन था। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती। अब केवल वनडे प्रारुप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर 35 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

कोहली से आगे निकले गिल

गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन बनाकर कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 पारियों में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। गिल ने वनडे में बतौर कप्तान अब तक 15 पारियों में 81 की औसत से कुल 975 रन बनाए हैं तो वहीं विराट कोहली ने कप्तान के तौर पर वनडे में अपनी पहली 15 पारियों में 75 की औसत से 972 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर भी हैं, जिन्होंने पहली 15 पारियों में 52 की औसत के कप्तान के तौर पर कुल 728 रन बनाए थे। रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 इनिंग में 63 के एवरेज से 697 रन बनाए थे जबकि 5वें नंबर पर मौजूद मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 62 की औसत से इतनी पारियों में कुल 620 रन बनाए थे।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने वैचेरोट को दी मात



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया। जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं। इससे पहले जून में जर्मनी में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी वह इसी तरह अयोग्य करार दी गई थी। दोहा विश्व चैंपियनशिप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र की शुरुआत भी होगी।

चेन्नई ओपन : माया और वैष्णवी ने किया उलटफेर



चेन्नई। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती और वैष्णवी अडकर ने चेन्नई ओपन में उलटफेर करके पहली बार डब्ल्यूटीए टूर में जीत हासिल की। माया ने जहां तीन सेट के मुकाबले में विश्व में 115वें नंबर की खिलाड़ी और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त कटारजीना कावा को उलटफेर का शिकार बनाया, वहीं वैष्णवी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्रिटेन की जोडी बुरेज को 3-6 6-3 7-5 से हराया।

कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे

चियोसु। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



रणजी ट्रॉफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली। यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे। चिन्मय ने 35, 99, 400 और 125 रन के जरिए लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में 659 रन बना दिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू के चार पारियों में यह सर्वाधिक रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा।

19 नवंबर से महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत का पहला मैच मलेशिया से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले 6 देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

कर्नाटक की असम पर बड़ी जीत

कर्नाटक को मिले बोनस सहित 7 अंक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



मनवंत कुमार के नाबाद शतक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त दी।

कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित 7 अंक मिले, जिससे उसके 16 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 496 रन से आगे बढ़ाई और 6 विकेट पर 577 रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने 442 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। पहली पारी में 135 रन बनाने वाली असम की टीम दूसरी पारी में केवल 128 रन बना पाई।

बार्सिलोना की एस्टन विला पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना



बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एस्टन विला के लगातार जीत के सिलसिले को रोक दिया है। कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में बार्सिलोना ने एस्टन विला पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने जोआओ गोम्स की डिफेंसिव चूक का फायदा उठाकर सातवें मिनट में ही बढ़त बना ली। बॉक्स के अंदर मिडफील्डर की गलत जगह पर गिरी गेंद यामल के पास आई। यामल मौका नहीं चूके और टीम के लिए पहला गोल कर दिया। यामल का यह 14वां चैंपियंस लीग गोल था। इस गोल के साथ वह कॉम्पिटिशन में एम्बाप्पे को पीछे छोड़ते हुए सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनाई एमरी की टीम शुरुआती झटके से घबराई नहीं और इंटरवल से पहले बराबरी करने के कई मौके बनाए। मैटी कैश और विक्टर लिंडेलोफ दोनों ने बार्सिलोना के डिफेंस को परखा, जबकि जोहान मंजांबी और गोम्स भी गोल करने के करीब पहुंच गए। हालांकि, गोलकीपर जोआन गार्सिया और होम डिफेंस ने विला को दूर रखा।

- यूईएफए चैंपियंस लीग : यामल ने एम्बाप्पे को पीछे छोड़ा

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने तोड़ा हार का सिलसिला

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो गोल से पीछे रहने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार वापसी करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग में रोमा को 3-2 से हराया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ लगातार 9 मैचों में हार के सिलसिले को समाप्त किया। मटियास सोले ने मेहमान टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद डोनियल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर शुरुआती 17 मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। इन दो गोलों ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड के खिलाड़ियों को इसके बाद अपने समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

पिच पर हरी टेनिस बॉल फेंकी गई और फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनाइटेड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब मिडफील्डर कार्लोस बालेबा को हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई, जिससे कैरिक की पहले से ही मुश्किल शाम में एक और चिंता बढ़ गई। हालांकि, कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी को गोल में बदलकर यूनाइटेड की मैच में वापसी कराई। हालांकि, क्षेत्र के अंदर एक उल्लंघन के बाद उन्हें स्पॉट-किक दोबारा लेनी पड़ी क्योंकि उनकी पहली कोशिश बेकार हो गई थी।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव

रिपब्लिकन पार्टी को झटका लगने से ट्रंप की मनमानी का हुआ अंत, सीमित होंगे अधिकार, अमेरिकी नागरिक खुश, बोले 'ब्लू सुनामी' की थी जरूरत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्लू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है।

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। तीन नवंबर को हुए मतदान के नतीजों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों- सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दो वर्षों में चला आ रहा रिपब्लिकन पार्टी का संसद पर नियंत्रण खत्म हो गया है। अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्लू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी।

यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि ट्रंप ने 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के लिए संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल किया था। इस तरह राष्ट्रपति पद के साथ कांग्रेस पर भी उनकी पार्टी का नियंत्रण था। अब मध्यावधि चुनाव के नतीजों ने यह स्थिति बदल दी है। सीनेट में रिपब्लिकन के सात सीटें गंवाने से सत्ता का समीकरण बदल गया। टेक्सास, कंसास, आयोवा, ओहायो और दक्षिण कैरोलिना जैसे राज्यों में डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। गवर्नर चुनाव में भी चार रिपब्लिकन राज्यों में सत्ता बदली। भारतीय मूल के कई उम्मीदवार जीते, जबकि ट्रंप के करीबी विवेक रामास्वामी ओहायो में हार गए।

डेमोक्रेटिक पार्टी को युवाओं और महिलाओं ने ज्यादा वोट दिए

मतदाता ट्रंप की ओर से थोपे गए टैरिफ से भी अधिक परेशान थे



पोर्टलैंड में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेट उम्मीदवार ट्रॉय जैक्सन की जीत से भावुक हुए लोग

महंगाई और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें रहीं नाराजगी का बड़ा कारण

अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्लू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है। ट्रंप प्रशासन की ईरान नीति और सैन्य अभियान का असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, ईंधन की बढ़ती कीमतें और रोजमर्रा की जरूरतों का महंगा होना मतदाताओं की नाराजगी का बड़ा कारण बना। ईरान से लेकर भ्रष्टाचार तक को लेकर लोग नाराज रहे।

ट्रंप बोले- हम डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडटर्म चुनाव में अपनी हार मानते हुए कहा कि वह नतीजों को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम डेमोक्रेट्स के साथ काम करेंगे और उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। हम संभवतः कोई न कोई रास्ता निकाल लेंगे। उन्होंने लिखा कि मैं चुनाव मैदान में नहीं था और अगर होता, तो हम भारी बहुमत से जीतते।

ट्रंप अब भी आपके राष्ट्रपति



डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत के बाद व्हाइट हाउस ने पहली प्रतिक्रिया में आधिकारिक एक्स अकाउंट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह अपने कार्यालय में मौजूद रेजोल्यूट डेस्क पर दिख रहे हैं। तस्वीर पर लिखा है, 'जनता के लिए सूचना: ट्रंप अब भी आपके राष्ट्रपति हैं'।

गवर्नर चुनाव में चार राज्यों में सत्ता परिवर्तन

जार्जिया में पहली अश्वेत महिला गर्वनर, ओहायो में भी पहली बार



कीशा लांस एमी एक्टन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के दौरान 36 राज्यों में गवर्नर पद के लिए भी मतदान हुआ। यहां भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। जॉर्जिया, आयोवा, ओहायो और टेक्सास में रिपब्लिकन के कब्जे वाली गवर्नर सीटें डेमोक्रेट्स ने छीन लीं। जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कीशा लास बॉटम्स ने रिपब्लिकन रिक जैक्सन को हराया। वह जॉर्जिया की पहली अश्वेत महिला गवर्नर होंगी। इस जीत के साथ उन्होंने अमेरिकी राजनीति में एक नया इतिहास बनाया है। ओहायो में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन ने विवेक रामास्वामी को हराकर गवर्नर चुनाव जीत लिया।

ट्रंप 'राजनीतिक पंडित' बन हार-जीत पर देंगे राय, 'वीटो कैप' की पोस्ट



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई जिम्मेदारी निभाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अब हार जीत पर अपनी राय देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लाल रंग की टोपी पोस्ट की जिस पर 'वीटो' लिखा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने लिखा कि अब मैं राजनीतिक 'पंडित' बनूंगा और उम्मीदवारों अच्छा और बुरा, दोनों तरह का राजनीतिक विश्लेषण कर बताऊंगा कि किन वजहों से उम्मीदवार जीते या हारे। इसके बाद उन्होंने लाल रंग की वीटो कैप भी पोस्ट की। ट्रंप ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर डेमोक्रेट्स को बहुमत मिलेगी तो वो उनके लाए हर कानून पर वीटो लगाकर अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि लोग उन्हें 'मिस्टर वीटो' का खिताब दे दें।

भारतीय मूल के नेताओं का दबदबा

पिया डंडिया, सुहास, अरुणा मिलर ने दर्ज की जीत



पिया डंडिया, सुहास सुब्रमण्यम और अरुणा मिलर

अमेरिकी चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रदर्शन भी चर्चा में रहा। इस बार अलग-अलग पदों के लिए कम से कम 57 भारतीय मूल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। इनमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के नेता शामिल थे।

पिया डंडिया: फ्लोरिडा की 22वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया डंडिया ने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी अस्कर को हराया।

सुहास सुब्रमण्यम: वर्जीनिया की 10वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने दोबारा जीत दर्ज की।

अरुणा मिलर: डेमोक्रेटिक पार्टी की मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर अरुणा मिलर ने दोबारा जीत हासिल की।

रो खन्ना: कैलिफोर्निया की 17वीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने जीती उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार रितेश टंडन को हराया।

अमी बेरा: कैलिफोर्निया की तीसरी सीट से डेमोक्रेटिक सांसद अमी बेरा ने आठवीं बार जीत दर्ज कराई।

प्रमिला जयपाल: वॉशिंगटन राज्य की सातवीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल ने नीरव शेठ को हराया। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के विवेक रामास्वामी, सरिता कोमाटिरेड्डी, नॉर्थ कैरोलाइना से रिपब्लिकन पार्टी के महेश 'मैक्स' गाणोसकर को हार मिली। मैसाचुसेट्स से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सीनेट चुनाव लड़ रहे शिवा अय्यादुरई को भी हार का सामना करना पड़ा।

ट्रंप के निशाने पर रहे नेताओं ने जीत का किया स्वागत




पेद्रो सांचेज

ट्रंप के निशाने पर रहे दुनिया के कुछ नेताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी की इस बड़ी जीत का स्वागत किया है। स्पेन के वामपंथी पीएम पेद्रो सांचेज ने कहा कि अमेरिकी मतदाताओं ने नफरत, जलवायु परिवर्तन को नकारने की सोच और विशेषाधिकार प्राप्त अभिजात वर्ग के खिलाफ वोट दिया है। वहीं, नॉर्वे के पीएम जोनास गार स्टोर ने कहा कि अमेरिका में ऐसी आवाजें उभर रही हैं, जिनके विचार ओस्लो के सिद्धांतों से ज्यादा मेल खाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि इन चुनावों से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

खबर संक्षेप

लद्दाख में खाई में गिरा सैन्य वाहन, 2 बलिदान



लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग-01 पर नामिका ला दर्रे के पास बुधवार को सेना का एक भारी वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में वाहन चालक और सह-चालक सहित भारतीय सेना के दो जवान बलिदान हो गए। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान चलाया। गहरी खाई से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों जवानों के शवों को बाहर निकाला गया।

रेल को बम से उड़ाने की साजिश नाकाम



श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे लाइन पर मंगलवार रात 9.45 बजे ब्लास्ट हो गया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रैक पर धमाके से पहले रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। धमाके की आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट के कारण पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह से टूट गए। पटरियों के बीच 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया। आईबी, सीआईडी और एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू कर दी है।

केदारताल ट्रैक एवलांच हादसा

6 की मौत, 2 की तलाश जारी, 8 लोग फंसे हुए थे



दीपिका वर्मा वर्तिका वर्मा

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर एवलांच और बर्फबारी की चपेट में आने से लापता 8 लोगों में से अब तक 6 की मौत हो चुकी है। बुधवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव बरामद किए गए। इनमें लखनऊ के गायत्रीपुरम की ट्रैकर बहनें वर्तिका वर्मा और दीपिका वर्मा भी शामिल हैं।

इससे पहले मंगलवार को दो शव मिले थे। अब 2 लापता लोगों की तलाश जारी है। सर्च ऑपरेशन में आईटीबीपी को भी शामिल किया गया है। आईटीबीपी की टीम स्पेशल हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चला रही है। वहीं, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग और नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) की टीमें भी लगातार तलाशी में जुटी हैं। बुधवार को हेलिकॉप्टर से 4 शवों को मातली हेलीपैड पर उतारा गया। इसके बाद देहरादून के लिए रवाना हो गया।

बर्फबारी की वजह से रेस्क्यू में परेशानी

29 अक्टूबर को भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास हिमस्खलन और बर्फबारी की चपेट में आने से 8 लोग लापता हो गए थे। इससे पहले रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल के पास कुछ सामान भी मिला था। लापता लोगों में पश्चिम बंगाल के 5 ट्रैकर, उत्तर प्रदेश की 2 ट्रैकर और उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा शामिल थे। खराब मौसम और लगातार बर्फबारी के कारण तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। बता दें, 27 अक्टूबर को 13 सदस्यीय दल ट्रैकिंग पर निकला था- पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के 7 ट्रैकर, उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा और 5 सपोर्ट स्टाफ समेत कुल 13 लोगों का दल 27 अक्टूबर को गंगोत्री से केदारताल ट्रैक के लिए रवाना हुआ था। दल को 29 अक्टूबर तक वापस लौटना था। वापसी के दौरान भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास अचानक हिमस्खलन और बर्फबारी हुई।

4 सदस्य सुरक्षित पहुंचे गंगोत्री

30 अक्टूबर को दल के 4 सदस्य (3 नेपाली पोर्टर और कुक रोहन राणा) सुरक्षित गंगोत्री पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को 8 लोगों के लापता होने की जानकारी दी। इसके बाद 31 अक्टूबर से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और वन विभाग की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मंगलवार को 2 शव बरामद किए गए। बुधवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव मिले। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 की तलाश जारी है।

'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद-2026' में चीन का नाम लिए बिना राजनाथ सिंह बोले

कुछ देश महासागरों का गलत लाभ उठाना चाहते, क्षेत्रीय सहयोग से ही समाधान संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा वातावरण में बढ़ते तनाव के बीच, क्षेत्रीय साझेदारों के बीच आपसी निर्भरता और अधिक सुरक्षित तथा मजबूत बनाने का आह्वान किया है। इसके लिए उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने, भरोसेमंद समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण, समुद्री जागरूकता बढ़ाने और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया।

■ भारत एक व्यापक समुद्री ईकोसिस्टम विकसित करने में जुटा हुआ

उन्होंने कहा कि कुछ पक्ष और देश अपने संकीर्ण और एकतरफा लाभ के लिए महासागरों की इस महत्ता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जानबूझकर व्यापार में बाधाएं पैदा करने से वैश्विक समुद्री सुरक्षा का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। हम नौवहन की स्वतंत्रता के सामने खुली चुनौतियां देख रहे हैं। समुद्री रास्तों को हथियारों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। समुद्री क्षेत्र में बढ़ती यह अस्थिरता व्यापक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर भी गहरा असर डालती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि उभरते खतरों के साथ समुद्री सुरक्षा को भी विकसित होना चाहिए। आज के समय की मांग है कि नई तकनीकों का भरपूर इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बननी चाहिए, अगर इसका लाभ केवल कुछ ही लोगों को मिले, तो इससे सामूहिक मजबूती का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

महासागरों को संसाधनों का असीमित स्रोत नहीं माना जा सकता

समुद्री क्षेत्र में आपसी निर्भरता मजबूत करने के लिए सहयोग जरूरी



राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन की स्मारिका को जारी करते राजनाथ सिंह व अन्य गणमान्य अतिथि

समुद्री सुरक्षा में आ रहीं नई चुनौतियां

रक्षा मंत्री ने समुद्री सुरक्षा के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनौतियां केवल पारंपरिक सैन्य गतिविधियों से ही नहीं, बल्कि समुद्री डकैती, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, साइबर हमलों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से भी आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा को भी बदलते समुद्री परिवेश के साथ विकसित होने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा को प्रोसेस करने के तरीके को बदल रहा है, जबकि स्वचालित प्रणालियां निगरानी और अभियानों की संभावनाओं का विस्तार कर रहे हैं। नए सेंसर महासागरों पर नजर रखने की हमारी क्षमता को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन, केवल तकनीक ही इसका समाधान नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम वास्तविक चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक का उपयोग कैसे करते हैं।

सार्थक बातचीत से सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा

राजनाथ सिंह ने यहां आयोजित 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में कहा कि विचार-विमर्शों से सार्थक बातचीत और व्यावहारिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। हमें साझा चुनौतियों से साझा समझ की ओर, साझा समझ से साझा ज्ञान की ओर, और साझा ज्ञान से साझा अनुकूलन तथा साझा समृद्धि की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार पर दिया जोर

रक्षा मंत्री ने अनुसंधान, शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी एक देश की मजबूत वैज्ञानिक क्षमता पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि में योगदान दे सकती है। उन्होंने छोटे समुद्री राष्ट्रों और विकासशील देशों के लिए इसे विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सबसे उपयोगी तकनीक का जरूरी नहीं; बल्कि वह तकनीक सबसे उपयोगी है जो किसी वास्तविक समस्या का समाधान करे।

तकनीक का लाभ सभी को मिले

राजनाथ सिंह ने कहा कि तकनीक को देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बनना चाहिए, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऐसे देश शामिल हैं जिनकी तकनीकी और आर्थिक क्षमता का स्तर अलग-अलग है। कुछ देशों के पास उन्नत अनुसंधान बुनियादी ढांचा है। वहीं, अन्य देश अब भी ऐसे संस्थागत और मानव संसाधन विकसित कर रहे हैं, जो इस बदलाव में पूरी तरह से शामिल होने के लिए जरूरी हैं। अगर तकनीकी प्रगति का लाभ केवल कुछ ही देशों को मिलता है, तो हम उस सामूहिक मजबूती को हासिल नहीं कर पाएंगे जिसकी हमारे क्षेत्र को जरूरत है।

भारत और इंडोनेशिया के विशेष बलों ने जंगल में दिखाया दमखम

पूर्वी जावा के दुर्गम जंगलों में युद्धक क्षमता परख रहे

संयुक्त सैन्य अभ्यास गरुड़शक्ति-202 के दौरान एक साथ लगाई 'फ्री फॉल' छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के विशेष बलों ने जंगल के चुनौतीपूर्ण माहौल में अपनी युद्धक क्षमता, सटीक कार्रवाई और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया। दोनों देशों के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'गरुड़शक्ति-2026' के नौवें दिन यह कार्रवाई की गई। अभ्यास के तहत दोनों देशों के कमांडो ने दुश्मन से मुठभेड़ की स्थिति में सामरिक अभ्यास किए। इसके साथ ही दोनों सेनाओं के पैराशूट कमांडो ने एक साथ फ्री फॉल छलांग लगाकर हवाई अभियानों में आपसी तालमेल और एक-दूसरे के उपकरणों पर भरोसे को मजबूत किया।



पैराशूट कमांडो ने एक साथ फ्री फॉल छलांग लगाई

बेहतर तालमेल का प्रदर्शन

अभ्यास के जरिए दोनों सेनाओं ने हवाई अभियानों के दौरान बेहतर तालमेल का प्रदर्शन किया। ये संयुक्त अभ्यास भविष्य में उन्नत हवाई अभियानों और विशेष सैन्य अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय की नींव तैयार कर रहे हैं।

सैन्य कौशल और प्रशिक्षण का प्रदर्शन

बता दें, भारत और इंडोनेशिया के विशेष बल इन दिनों पूर्वी जावा के दुर्गम और घने जंगलों में अपनी युद्धक क्षमता परख रहे हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास में 48 घंटे से अधिक समय का विशेष प्रशिक्षण चल रहा है। यहां जवान बीते एक सप्ताह के दौरान सीखे गए सैन्य कौशल और प्रशिक्षण का वास्तविक परिस्थितियों में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अंतिम अभ्यास में भारतीय सेना और इंडोनेशियाई सेना के विशेष बलों के जवान एक साथ मिलकर चुनौतीपूर्ण अभियान संचालित कर रहे हैं।

जवाबी कार्रवाई के अभ्यास किए

अभ्यास के 48 घंटे के अंतिम सत्यापन चरण में भारतीय सेना और इंडोनेशियाई सेना के विशेष बलों ने कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसमें घायल सैनिकों को युद्धक्षेत्र में तत्काल चिकित्सा सहायता देने का अभ्यास करना भी शामिल रहा। दुश्मन की गतिविधियों और उसके रास्तों का पता लगाने के लिए युद्धक ट्रैकिंग तथा दुश्मन से आमने-सामने संपर्क होने पर तत्काल जवाबी कार्रवाई के अभ्यास किए गए। इन गतिविधियों को जंगल के कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाके में अंजाम दिया गया।

तिब्बती पठार के भूगोल से बिगड़ा चीनी वायुसेना का प्रदर्शन

कम लड़ाकू विमान होने के बावजूद भारतीय वायुसेना दे रही ड्रैगन को रणनीतिक चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयरफोर्स के पास बड़ी संख्या में फाइटर जेट्स का जखीरा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास मौजूद फाइटर स्क्वाड्रनों की संख्या अपने सबसे निचले स्तर पर है। भारत के पास अभी लगभग 29 फाइटर स्क्वाड्रन हैं, स्वीकृत संख्या 42.5 है। वहीं, चीन के पास पहले से ही 1,800 से अधिक लड़ाकू विमान हैं, जिनमें लगभग 300-500 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ जे-20 लड़ाकू विमान शामिल हैं। इसके बाद भी चीन भारतीय वायुसेना से बढ़त नहीं बढ़ा पाया है।



एआई इमेज

हर मौसम में तैयार वायुसेना

भारतीय वायु सेना कम ऊंचाई वाले ऐसे फॉरवर्ड एयर बेस से काम करती है, जो हर मौसम में चालू रहते हैं। यहां से विमान पूरे पेलोड (हथियार और ईंधन) के साथ उड़ान भर सकते हैं और बहुत कम समय में कार्रवाई के लिए तैयार हो सकते हैं।

ऊंचाई वाले हवाई अड्डे बने बाधा

पूर्व वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा था कि चीनी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों का बड़ा जखीरा है, लेकिन तिब्बती पठार के भूगोल की वजह से भारत के खिलाफ उनके अभियान सीमित हो जाते हैं। भारत के खिलाफ चीन की रणनीति में बड़ी बाधा तिब्बती पठार के ज्यादा ऊंचाई वाले हवाई अड्डे हैं। इनकी वजह से पेलोड, रेंज और टर्नअराउंड समय कम हो जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415